

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 24 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष -42 ■ अंक-117 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


### छत्तीसगढ़ में लागू होगा यूसीसी : साय

**रायपुर,24 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को कर्नाटक रवाना होने से पहले यूसीसी, पेपर लीक और कांग्रेस के अनिश्चितकालीन धरने को लेकर बड़ा बयान दिया। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी जल्द लागू हो सकती है। पेपर लीक मामले पर सीएम साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सख्त रुख का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है और उन्हें सजा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं रायपुर में कांग्रेस के अनिश्चितकालीन धरने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार सभी को है, लेकिन कानून हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पत्थरबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री साय कर्नाटक के सत्य साईं ग्राम में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने के लिए रवाना हुए हैं।

### विरोध के बाद बीए - एलएलबी री-एग्जाम नोटिफिकेशन रद्द

**बिलासपुर,24 जुलाई।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में छात्रों के विरोध के बाद बीए - एलएलबी छठे सेमेस्टर की री-एग्जाम अधिसूचना रद्द कर दी गई है। 27 जुलाई को होने वाली परीक्षा को लेकर छात्र लगातार विरोध कर रहे थे। छात्रों का कहना था कि दोबारा परीक्षा के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया। साथ ही उन्होंने पेपर लीक मामले की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और री-एग्जाम के फैसले पर पुनर्विचार की मांग की। विरोध बढ़ने के बाद बड़ी संख्या में छात्र प्रशासनिक भवन पहुंच गए और विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने चेतावनी दी थी कि अगर री-एग्जाम का नोटिफिकेशन वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा की अधिसूचना रद्द करने का फैसला लिया।

### प्लेस ऑफ सेफ्टी सेंटर से भागे तीन अपचारी बालक

**सरगुजा, 24 जुलाई.** उत्तर छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर स्थित प्लेस ऑफ सेफ्टी सेंटर से तीन अपचारी बालक फरार हो गए। बाथरूम के रोशनदान का ग्रिल उखाड़कर भाग खड़े हुए। छत्तीसगढ़ बिलासपुर का मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया है, अंबिकापुर में दूसरी घटना घट गई। बता दें, 16 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम उम्र के अपचारी बालकों को प्लेस ऑफ सेफ्टी सेंटर में रखा जाता है। घटना आज सुबह की है। सेंटर में रखे गए अपचारी बालक सुबह योग के लिए उठे थे। योग के बाद बाथरूम में लगे रोशनदार का ग्रिल उखाड़कर तीन अपचारी बालक फरार हो गए। फरार अपचारी बालकों की तलाश में पुलिस जुटी है। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र की है।

### शिक्षक भर्ती 2019 पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**बिलासपुर।** शिक्षक भर्ती 2019 से जुड़े मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने SC, ST और OBC वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने शैक्षणिक अर्हता में 5 प्रतिशत अंकों की छूट का लाभ देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने साफ किया कि 5 प्रतिशत छूट के बाद जो अभ्यर्थी न्यूनतम पात्रता पूरी करते हैं,

## नीट परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# सरकार के हर कदम की होगी निगरानी

नई दिल्ली,24 जुलाई। नीट पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह नीट परीक्षा में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की निगरानी करेगा। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया था कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कई कड़े उपाय किए जा रहे हैं। नीट परीक्षा को सुरक्षित तरीके से आयोजित करने के लिए किए जा रहे अस्थायी उपायों पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तदर्थ व्यवस्था ने पिछले कई सालों से समस्याएं पैदा की हैं। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि अब इस तरह की अस्थायी व्यवस्था की जगह एक स्थायी और फुलप्रूफ सिस्टम होना चाहिए।

अदालत ने सरकार से अपेक्षा जताई है कि वह साइबर सुरक्षा और डेटा संरक्षण पर ठोस कदम उठाए। यह निर्देश इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एनटीए अगले साल से नीट-यूजी परीक्षा को 'कंप्यूटर आधारित टेस्ट' के रूप में आयोजित करने की योजना बना रहा है।नीट पेपर लीक को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा, "बच्चों (छात्रों) द्वारा सामना की जा रही समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार 10 अतिरिक्त मील चलने को तैयार है।" उन्होंने यह भी बताया कि इस पूरे मामले को लेकर सरकार के सर्वोच्च कार्यकारी स्तर की निगरानी में काम किया जा रहा है।

### अगले सप्ताह संसद में विधेयक पेश किया जाएगा : मोदी

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगले हफ्ते संसद में एक विधेयक पेश किया जाएगा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ सख्त प्रावधान होंगे। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा कि विधेयक के मसौदे पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की होने वाली बैठक में चर्चा की जाएगी, जिसमें प्रस्तावित कानून को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा, "मंत्रिमंडल शुक्रवार को प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर चर्चा करेगी और मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के सुझावों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।" मोदी ने कहा, "सोमवार को जब संसद के मॉनसून सत्र का दूसरा हफ्ता शुरू होगा, तो प्रश्नपत्र लीक के मामलों में सख्त कार्रवाई के प्रावधानों वाला एक विधेयक लाया जाएगा और हम उसे जल्द से जल्द पारित कराने की कोशिश करेंगे।"

## सिर्फ सोनोग्रॉफी जांच करने से डॉक्टर पर नहीं लगेगा पॉक्सो : हाईकोर्ट

**बिलासपुर। 24 जुलाई।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने राजनादगांव की एमडी, रेडियोलाजिस्ट डा. आरती उइके के खिलाफ दर्ज पाक्सो एक्ट के तहत आपराधिक मामले और पुलिस की पूरक चार्जशीट को रद्द कर दिया है। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, यदि किसी डॉक्टर को अपराध की जानकारी नहीं दी गई है, तो सिर्फ सामान्य चिकित्सा प्रक्रिया के तहत सोनोग्राफी करने पर उनके खिलाफ पाक्सो एक्ट की धारा 21 के तहत एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती।

12 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ राजनादगांव जिले में एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान 15 वर्षीय किशोरी अपने ही स्कूल के एक नाबालिग छात्र के संपर्क में आई, जिससे वह गर्भवती हो गई। गर्भावस्था का पता चलने पर परिजन उसे सोनोग्राफी के लिए राजनादगांव डायग्नोस्टिक सेंटर व अस्पताल ले गए। डॉ. आरती उइके ने किशोरी की जांच की। बाद में किशोरी ने बच्चे को जन्म दिया और सह-आरोपियों की मदद से उसे गोद दे दिया गया। 31 दिसंबर 2025 को पीड़िता की मां ने पुलिस चौकी चिचोला में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने जीरो में एफआईआर दर्ज कर, 1 जनवरी 2026 को मामला थाना बोरतलाव स्थानांतरित कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोप लगाया कि डॉ. आरती उइके ने नाबालिग की गर्भावस्था की सूचना पुलिस को नहीं दी। इसी आधार पर 8 मार्च 2026 को उन्हें पॉक्सो एक्ट की धारा 21 के तहत गिरफ्तार कर लिया। चिकित्सक को जमानत मिलने के बाद पुलिस ने 10 मार्च 2026 को पूरक चालान पेश किया, जिस पर 11 मार्च 2026 को अपर सत्र न्यायाधीश, डोंगरगढ़ ने संज्ञान लिया। इसके बाद डॉ. उइके ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आपराधिक कार्रवाई को चुनौती दी थी। याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई। याचिकाकर्ता चिकित्सक की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने कहा, याचिकाकर्ता ने पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत सभी वैधानिक औपचारिकताएं पूरी की। इस दौरान पीड़िता या उसके परिजनों ने उन्हें किसी यौन अपराध की जानकारी नहीं दी। इसलिए केवल सोनोग्राफी करने पर पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं हो सकती। राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के अधिवक्ता ने कहा, नाबालिग की गर्भावस्था की जानकारी मिलने पर डॉक्टर का पुलिस को सूचित करना कानूनी दायित्व था। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, पाक्सो एक्ट की धारा 19 के तहत सूचना देने का दायित्व तभी बनता है, जब डाक्टर को अपराध की जानकारी या आशंका हो। डिवीजन बेंच ने आपराधिक मामले और पुलिस की पूरक चार्जशीट को रद्द कर दिया है।

### डॉग बाइट के बढ़ते मामलों पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,24 जुलाई।** हाईकोर्ट ने प्रदेश में आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाएं, रेबीज के खतरे और राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर घूमते आवारा मवेशियों के प्रबंधन को लेकर ने चिंता जाहिर की है. हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने पूर्व सुनवाई में दिए गए निर्देश के मद्देनजर मुख्य सचिव ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और एनिमल वेलफेयर बोर्ड आफ इंडिया के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन के तहत शपथ पत्र के साथ जानकारी पेश की. मुख्य सचिव ने राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी है. डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है, यह विषय सीधेतौर पर आम जनता की सुरक्षा से जुड़ा है. इसलिए केवल योजनाएं बनाना काफी नहीं है, बल्कि सभी जिलों में इसकी निरंतर निगरानी जरूरी है.

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर अड़े सीजेपी और विपक्ष, धरना जारी

**नई दिल्ली,24 जुलाई।** नीट पेपर लीक मामले में कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष लगातार शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अड़े हुए है. पीएम मोदी की ओर से शुक्रवार देर रात को परीक्षा सम्बन्धी सुधारो को लेकर ठोस कदम उठाने की बात कहने के बावजूद दोनों अपनी मांग पर बने हुए हैं. इसी को लेकर विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार को भी संसद में प्रदर्शन किया. कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने संसद परिसर में मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. मांग वहीं शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान इस्तीफा दो. उधर, जंतर मंतर पर भी कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध-प्रदर्शन जारी है. सीजेपी फाउंडर अभिजीत दिपके ने कहा है कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा.

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दिपके ने कहा, जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, जंतर-मंतर पर हमारा धरना जारी रहेगा. हमें बहुत राहत मिली है कि सोनम वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है, क्योंकि उन्हें 26 दिन से ज्यादा हो गए थे. देश के लिए उनकी जान वाकई बहुत कीमती है. आज केंद्रीय मंत्रियों के साथ होने वाली बैठक पर दिपके ने कहा, बैठक किसी न्यूट्रल जगह पर होगी. धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से कम कुछ भी मंजूर नहीं है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन और सरकार के विरोध में संसद परिसर में प्रदर्शन किया तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की. संसद के मकर द्वार के निकट आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए.

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की बैठक शुरू होने के कुछ मिनट के भीतर दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई.



भूमि अधिग्रहण पर उत्तर छत्तीसगढ़ में हिंसक झड़प

## ग्रामीणों के हमले से डीएसपी सहित दो दर्जन अधिक पुलिस कर्मी घायल

**सरगुजा। 24 जुलाई।** उत्तर छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में भूमि अधिग्रहण और सर्वे की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई। इसमें डीएसपी समेत दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। झड़प के बाद आसपास के इलाके में तनाव फैल गया। घटना सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत मदननगर- धरमपुर इलाके की है। शुक्रवार सुबह भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने भारी विरोध जताया। ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया, जिससे डीएसपी समेत आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, जिनमें से कई को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रामीणों के पथराव और हमले के चलते पुलिस कर्मियों में भगदड़ मच गई। ग्रामीण लाठी-डंडा से लैस होकर पुलिस कर्मियों पर हमला करते रहे। हिंसक झड़प में प्रधान आरक्षक, महिला आरक्षक सहित कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और प्रशासन ने स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखी है। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। ऐतिहात के तौर पर प्रशासन ने आसपास के जिलों की पुलिस को मौके पर तैनात कर दिया है। ग्रामीणों के विरोध के बीच कार्रवाई को रोक दिया गया है।

भूमि अधिग्रहण और सर्वे को लेकर इलाके में लंबे समय से विवाद बना हुआ है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के लिए सर्वे दल गांव पहुंचा था। ग्रामीणों ने खेती के समय बिना सहमति और पर्याप्त जानकारी के सर्वे कराने पर नाराजगी जताते हुए विरोध शुरू कर दिया था। सूरजपुर जिले में भूमि अधिग्रहण को लेकर यह पहली हिंसक घटना नहीं है। इससे पहले फरवरी 2026 में लटोरी तहसील के सुंदरगंज गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने पथराव कर दिया था।

दिसंबर 2025 में कोल माइंस विस्तार के विरोध में ग्रामीणों के हमले में 30 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे, तब ग्रामीण SECL की अमेरका कोयला परियोजना के विस्तार का विरोध कर रहे थे। इन घटनाओं से क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति बनी रहती है। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने कहा है, उनकी सहमति और पूरी जानकारी मिलने के बाद ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़नी चाहिए।

## ट्रंप का भारत पर एक और टैरिफ वार लगाया 10% अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन,24 जुलाई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के बीच भारत को एक और झटका लगा है। अमेरिका ने कथित तौर पर फोर्स्ड लेबर यानी जबरन मजदूरी से जुड़े उत्पादों को लेकर सख्ती बढ़ाते हुए भारत से आयात होने वाले सामान पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश समेत कुल 17 देशों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ वाले समूह में रखा गया है। नई दरें शुक्रवार से लागू होने की बात कही गई है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने सेक्शन 301 के तहत की गई जांच के बाद यह फैसला लिया है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई उन देशों को लेकर की गई है, जहां फोर्स्ड लेबर से बने उत्पादों को रोकने के लिए उठाए गए कदम पर्याप्त या प्रभावी नहीं पाए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत को 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ वाले निचले स्लैब में रखा गया है। इससे पहले आशंका जताई जा रही थी कि भारत पर 12.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाया जा सकता है। हालांकि, श्रम मानकों को लेकर भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत के बाद भारत को 10 प्रतिशत वाले स्लैब में रखने की बात सामने आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका ने करीब 60 व्यापारिक साझेदार देशों की नीतियों की समीक्षा की। इसमें यह देखा गया कि संबंधित देश अपनी सप्लाई चेन में जबरन मजदूरी से तैयार उत्पादों को रोकने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। समीक्षा के बाद अलग-अलग देशों के लिए अतिरिक्त टैरिफ की दरें निर्धारित की गईं।

## बच्चों को मोबाइल देने पर सुको चिंतित

**नई दिल्ली,24 जुलाई।** संयुक्त परिवार प्रणाली के लगातार खत्म होने और एकल परिवारों में बच्चों को समय देने के बजाय मोबाइल-गैजेट्स थमा देने पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी चिंता और नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि माता-पिता की जगह गैजेट्स (मोबाइल) ले लेंगे, तो यह स्थिति समाज के लिए विनाशकारी साबित होगी और आने वाली पीढ़ी पारिवारिक रिश्तों व बंधनों से पूरी तरह अनजान हो जाएगी। दरअसल, हाल ही में पति-पत्नी की हत्या की घटनाओं में, जिनमें सोनम रघुवंशी का मामला भी शामिल है, इसका विश्लेषण करते हुए स्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि यह बदलते समाज का प्रतिबिंब है। पीठ ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी अधिक बुद्धिमान और जानकार है, लेकिन आज की पीढ़ी अत्यधिक दबाव झेलने में सक्षम नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजकल लोग व्हाट्सएप पर प्रसारित संदेशों पर भरोसा करते हैं और उन्हें ज्ञान मान लेते हैं। अदालत की चिंता से सहमत होते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने



कहा कि यह एक सामाजिक समस्या बन गई है और मानवीय संबंधों में विश्वास कम हो रहा है तथा सहिष्णुता की कमी हो रही है। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा कि हाल ही में वे एक रेस्तरां में थे और उन्होंने देखा कि एक परिवार ने खाना खाते समय बच्चे को व्यस्त रखने के लिए उसे फोन दे दिया। उन्होंने कहा, "अगर माता-पिता की जगह गैजेट्स ने ले ली, तो यह एक आपदा है। भविष्य में ऐसा और भी ज्यादा होगा। संयुक्त परिवार एक संपत्ति है, और लोग इसे समझते नहीं हैं। खुशी भौतिक चीजों से नहीं, बल्कि मानवीय बंधन और रिश्तों से मिलती है। हम मशीनों की तरह होते जा रहे हैं।"




## एक नजर

### मोडिफाइड साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालना पड़ा महंगा, बाइक चालक पर 5 हजार का जुर्माना



**भिलाई 24 जुलाई।** उतई थाने पुलिस ने मोडिफइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के खिलाफकार्रवाई की है पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 एमटी 5272 के चालक द्वारा बुलेट बाइक में प्रतिबंधित मोडिफइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी तेज आवाज निकाली जा रही थी, जिससे आम नागरिकों को असुविधा हो रही थी और ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच कर वाहन चालक की पहचान की इस के बाद यश कुमार मंडावी (22 साल ), निवासी रिसाली, भिलाई के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184ए (4) के तहत कार्रवाई करते हुए 5,000 रुपये का चालान किया गया पुलिस ने वाहन चालक को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर का उपयोग करने की समझाइश भी दी ।

### खदानों में सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत बनाने पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू




**भिलाई, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीजी ग्रुप ऑफ माइंस के लिए आयोजित पांच दिवसीय माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान इम्प्लीमेंटेशन एवं रिव्यू प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का शुभारंभ राजहरा स्थित माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर में हुआ। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर एवं मुख्य महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार उपस्थित रहे। कार्यशाला के पहले दो दिनों में दत्ता माइनिंग कंसल्टेंसी के सुरक्षा विशेषज्ञ एवं पूर्व उप महानिदेशक एस. के. दत्ता ने राजहरा, दल्ली, झरनदल्ली, महामाया, हिर्री, कलवर, रावघाट तथा नंदिनी चूना पत्थर खदान के अधिकारियों एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षकों को माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान की तैयारी, क्रियान्वयन, समीक्षा एवं सतत सुधार पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। संवादात्मक सत्रों और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया गया। दूसरे दिन आयोजित विशेष तकनीकी सत्र में हाल ही में ओडिशा एवं झारखंड की खदानों में हुई विद्युत दुर्घटनाओं के संदर्भ में खदानों में विद्युत सुरक्षा विषय पर चर्चा की गई। कार्यशाला के अगले चरण में 25 जुलाई तक दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस तथा नंदिनी चूना पत्थर खदान में स्थल-आधारित हैंड होल्डिंग सत्र आयोजित होंगे।

### पीएम आवास योजना के तहत 348 आवेदन प्राप्त, 340 पात्र पाए गए



**भिलाई, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के मोर मकानङ्कमोर आस घटक के अंतर्गत अब तक योजना के तहत 348 आवेदन प्राप्त हुए हैं। नगर निगम द्वारा प्राप्त आवेदनों की पात्रता एवं दस्तावेजों की जांच में 340 आवेदन पूर्ण एवं पात्र, जबकि आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में 8 आवेदन अपूर्ण पाए गए हैं। सभी आवेदनों को परीक्षण के लिए निकाय स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बृहस्पतिवार को नगर निगम सभागार में आयोजित निकाय स्तरीय समिति की बैठक में प्राप्त आवेदनों का विस्तृत परीक्षण किया गया। समिति ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं पात्रता संबंधी निर्धारित मापदंडों के आधार पर आवेदन पत्रों की जांच की। नगर निगम की आवास शाखा द्वारा बताया गया कि बेघर परिवारों से लगातार आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। पात्र हितग्राहियों को सक्षम स्वीकृति मिलने के बाद निर्धारित 10 प्रतिशत अंशदान जमा कराने उपरांत लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक में नोडल अधिकारी दिनेश कोसरिया, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी, उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन तथा नम्रता ठाकुर उपस्थित रहे।

### स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अभिजीत साराफ ने जीते तीन रजत पदक

**भिलाई, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राइफल्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में युवा निशानेबाज अभिजीत साराफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अलग-अलग स्पर्धाओं में तीन रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। अभिजीत ने 25 मीटर पिस्टल और 50 मीटर राइफल सहित तीन विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन सिल्वर मेडल अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में अभिजीत साराफको रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया। अभिजीत साराफ भूतपूर्व पुलिस अधीक्षक स्वर्गीय सीताराम सराफके पौत्र तथा युवा उद्यमी संजय सराफके सुपुत्र हैं।

# वनांचल ग्रामों में विधायक भावना बोहरा ने विकास कार्यों का लिया जायजा और सुनीं जनसमस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 24 जुलाई।** पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने आज प्रातः नगर पालिका परिषद पंडरिया के विभिन्न वार्डों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। पंडरिया नगर में निरिक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, नालियों, चौपाटी, यातायात, स्वच्छता, तालाबों की सफाई, चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने दूरस्थ व वनांचल ग्राम माठपुर, डालामौहा एवं चिंयाडांड में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारीयों को निर्देशित किया।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर विकास कार्यों को गति दे रही है। पंडरिया नगर में वर्षों से लंबित और बहुप्रतीक्षित मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। हमारा संकल्प प्रत्येक नागरिक तक योजनाओं और विकास एवं अधोसंरचना निर्माण से बेहतर सुविधाओं का लाभ पहुँचाना है। आज पंडरिया नगर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और प्रशासनिक ढांचे के साथ न्यायिक अधोसंरचना को भी नई मजबूती मिल रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद विगत वर्षों में पंडरिया विधानसभा में 1000 करोड़ से अधिक के विकास व अधोसंरचना निर्माण एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु कार्य हो रहें हैं जिसमें कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कुछ कार्य प्रगतिरत हैं। पंडरिया नगर में भी जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाल पुल निर्माण, पंडरिया बाईपास, पंडरिया नगर मुख्य मार्ग का निर्माण, बिसेसरा नाला से हरिनाला तक सड़क निर्माण, नवीन नगर पालिका भवन, 250 सीटर नालंदा परिसर लाइब्रेरी, नवीन व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट) भवन निर्माण, व्यावसायिक परिसर, मिनी स्टेडियम, चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण, हर वार्ड व प्रमुख सड़कों के निर्माण तथा पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक गाँव तक सड़क, नाली,पुल-पुलिया, बिजली, प्रकाश व्यवस्था व पेयजल सुविधा जैसे जनसुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों से पंडरिया नगर आज विकास के नए अध्याय लिख रहा है और समृद्धि हो रहा है।। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# तिलक एवं चंद्रशेखर आज़ाद जयंती पर उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को किया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 जुलाई ।** लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती के अवसर पर सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा अशर्फिया स्कूल, केलाबाड़ी में अन्न की बर्बादी रोकें भोजन का सम्मान करें विषय पर जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्र प्रेम, त्याग एवं बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। संचालन संस्था के संस्थापक प्रतीक भोई ने किया। उन्होंने कहा कि अन्न का प्रत्येक दाना किसान के कठिन परिश्रम, प्रकृति के आशीर्वाद और ईश्वर के प्रसाद का प्रतीक है। भोजन की बर्बादी रोकना केवल अच्छी आदत नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। संरक्षक श्रीमती शहाना कुरैशी ने छात्राओं को गुड टचङ्कबैड टच, पॉक्सो अधिनियम तथा बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। महासचिव राकेश रत्नाकर सहित गायत्री गोस्वामी, साधना मौर्य, सुधा शर्मा, रघुवंश सैनी, भेखराम साहू एवं वसंत सलंकर ने भी विद्यार्थियों को भोजन का सम्मान करने, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उपाध्यक्ष घनश्याम पांडे ने विद्यार्थियों को अन्न की बर्बादी रोकने, जल का सदुपयोग करने, ऊर्जा की बचत करने, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा इन संदेशों को समाज तक पहुँचाने का संकल्प दिलाया।

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में यात्री फिसला, ट्रेन की चपेट में आने से मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 24 जुलाई।** दुर्ग स्टेशन पर चलती ट्रेन से फिसल कर एक यात्री नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आ गया इस से वह गंभीर रूप से घायल हो गया एंबुलेंस की मदद से घायल व्यक्ति को तुरंत दुर्ग जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है दुर्ग जीआरपी चौकी पुलिस ने बताया कि ट्रेन संख्या 22845 पुणे- हटिया एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर तीन पर खड़ी हुई थी जब ट्रेन चलने लगी तब ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार सिन्हा ( 58 साल ) निवासी वार्ड नंबर - 58 साईं मंदिर के पास कर्मचारी नगर दुर्ग चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किये इस दौरान उसका पैर स्लिप हो गया और वह ट्रेन से गिरकर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंस गये घटनास्थल पर ही उनका एक पैर कट गया था और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई थी? गंभीर रूप से घायल संदीप कुमार सिन्हा को तुरंत एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। जीआरपी के आरक्षक घनश्याम अग्निहोत्री द्वारा मुलाहिजा फॉर्म भरकर मर्चुरी में भिजवाया गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## नवपदस्थ एएसपी ट्रैफिक कौशलेंद्र देव पटेल ने संभाला पदभार, जाम से निजात और सड़क सुरक्षा पर रहेगा जोर



**भिलाई 24 जुलाई।** जिले में नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) कौशलेंद्र देव पटेल ने पदभार ग्रहण कर लिया है जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने जिले की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकेत दिए हैं पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने यातायात विभाग के सभी जोन प्रभारियों, टैंगो टीम और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में एएसपी पटेल ने सभी जोन प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने और प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त मार्गों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि कहीं भी अनावश्यक जाम की स्थिति नहीं बनने दी जानी चाहिए नवपदस्थ एएसपी ने सुबह और शाम के पीक ऑवर के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो बैठक में शाम के समय बाजारों में बढ़ने वाले यातायात दबाव को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बाजार क्षेत्रों में प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को जाम और अव्यवस्था का सामना न करना पड़े अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात यातायात हमारी प्राथमिकता दुर्ग जिले में सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना प्राथमिकता होगी यातायात पुलिस आम नागरिकों की सुविधा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी अनुशासन और जवाबदेही पर जोर कौशलेंद्र देव पटेल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने तथा जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए उन्हों टीमवर्क और बेहतर समन्वय के सा काम करने पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने, हेलमेट और सीट बेल्ट वे उपयोग को बढ़ावा देने तथा यातायात नियमों के प्रभावी पालन पर विशेष ब दिया गया साथ ही जनजागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई।

## खोपली शक्ति केंद्र की बैठक में संगठन मजबूती और बूथ सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 24 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के अंतर्गत खोपली शक्ति केंद्र की बैठक आज भागचंद देशलहरे जी के निवास स्थान पर संपन्न हुई।बैठक कि मुख्य वक्त मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर जी रहें।बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों,बूथ सशक्तिकरण,केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं आगामी स्थानीय चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि पार्टी को बूथ स्तर पर और मजबूत करना है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं।बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री प्रवीण यदु,चंदू देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,शक्तिकेंद्र प्रभारी विमला कामडे,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर,किसान मोर्चा अध्यक्ष फलेन्द्र राजपूत,उतई मंडल उपाध्यक्ष देवेन्द भारती,युवा मोर्चा महामंत्री राकेश देवांगन,अनुसूचित जनजाति जिला मंत्री भागचंद देशलहरे,ओबीसी मोर्चा महामंत्री पुरुषोत्तम साहू,ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष अखिलेश चंद्राकर,बूथ अध्यक्ष संतोष साहू,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष योगेश साहू,सांसद प्रतिनिधि राजू साहू,डिकेश वर्मा, हर्ष,रमेश साहू ,पवन चंद्राकर,उदे गैंडरे,गौतम निर्मलकर,बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने वाला गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 24 जुलाई।** दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टैबलेट बेचने की फिराक में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से कुल 300 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट, दो धारदार हथियार, मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जब्त सामग्री की कीमत करीब 1.36 लाख रुपए बताई गई है दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंजपारा स्थित प्रियंका बोरवेल्स के पीछे मैदान में दो युवक नशीली टैबलेट बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं और अपने पास धारदार हथियार भी रखे हुए हैं सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों को पकड़ लिया दोनों के पास मिली समान मात्रा में टैबलेट पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान दिपेश उर्फ आयुषदीप (21 साल ), निवासी गंजपारा और कृष्णा कुमार सेन (19 साल ), निवासी टिपरापारा, दुर्ग के रूप में बताई तलाशी में दिपेश के पास से 150 प्रतिबंधित टैबलेट, एक धारदार हथियार और मोबाइल, कृष्णा के पास से भी 150 प्रतिबंधित टैबलेट, एक धारदार हथियार और मोबाइल बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (ख) तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की।

# रैली एवं विचार गोष्ठी आयोजित कर बीएमएस ने मनाया स्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 24 जुलाई ।** भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस, वीर शहीद बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद के जन्म जयंती पर स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने रैली तथा विचार गोष्ठी के माध्यम से श्रमिकों एवं कर्मचारियों को बी एम एस की गतिविधियां, संघर्ष व स्थापना की जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि आज ही के दिन 23 जुलाई 1955 को भोपाल में दत्तोपन्त ठेंगड़ी ने 35 सदस्यों के एक समिति जिसमें देश के पूर्व प्रधानमंत्री, पद्मश्री से अलंकृत स्व.अटल बिहारी वाजपेई शामिल थे के समक्ष रखे प्रस्ताव पर भारत माता की जयघोष के साथ भारतीय मजदूर संघ का उदय हुआ, उन्होंने जानकारी दी कि आज विश्व में सबसे बड़े श्रमिक संगठन होने का गौरव बी एम एस को प्राप्त है। बी एम एस कार्यालय भवन सुपेला गुरुद्वारा के सामने में भगवान विश्वकर्मा,भारत माता एवं वीर शहीद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश विश्वकर्मा स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे, बी एम एस के जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, स्वायत्तशासी के रामवृक्ष यादव, रोहित बंजारे,नवीन साहू, सुरेन्द्र सोनबोईर, शशिभूषण मोहंती,सुनील जोशी,ओंकार यादव, अनिल सिंह, संजय मिश्रा, संतोष पाण्डेय, वाल्मीकि सिंह, नेहरू साहू, विजेन्द्र परिहार, इंद्रमणि, मिश्रा, नलनीश मिश्रा, संजीव तिवारी, विश्वजीत गुप्ता, महेश वर्मा, देवेन्द्र चन्द्राकार,श्रीमती सतरूपा,अंजली साहू, संजय गुप्ता, सर्व जीत मेहरा आदि उपस्थित थे।

### गोढ़ी एवं खोपली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**भिलाई, 24 जुलाई ।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने जिला चिकित्सालय के सहयोग से गोढ़ी एवं खोपली गांवों में निशुल्क चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविरों का आयोजन किया। शिविरों में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। धमधा विकासखंड स्थित ग्राम गोढ़ी में आयोजित चिकित्सा शिविर में जिला चिकित्सालय, दुर्ग की ओर से चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट जान्हवी, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी, पंजीयन सहयोगी राकेश कुमार तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी गुलेश्वरी साहू ने सेवाएं प्रदान कीं। निकुम विकासखंड स्थित ग्राम खोपली में आयोजित चिकित्सा शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट मनीष देशमुख, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा तथा पंजीयन सहयोगी विवेक ध्रुव ने अपनी सेवाएं दीं।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर हमला करने का वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई 24 जुलाई।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चाकू से वार किया इससे प्रार्थी को चोटे आई प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 118 (1),119(1),296, 251 (3) के तहत अपराध दर्ज किया था त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दुलेश्वर टंडन उर्फ दुलरवा ( 23 साल ) निवासी ग्राम जेवरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल दाखिला किया गया है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपी के पास से एक धारदार बटन दार चाकू जब्त किया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी शमित मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी परमेश्वर ढीमर मजदूरी का काम करता है वह अपने दोस्त पिंटू और अग्नि के साथ बजरंगबली मंदिर के पास तालाब किनारे बातचीत करते बैठा हुआ था इसी दौरान गांव का ही रहने वाला आरोपी दुलरवा आया और प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा जब प्रार्थी ने पैसा देने से मना किया तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्के मारपीट की इसके बाद अपने पास रखे धारदार चाकू से वार कर दिया जिससे प्रार्थी को चोटे आई थी।



## एक नजर

### अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस की बैठक में मजदूरों के शोषण पर जताया विरोध

**सिमगा 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पप्पू अली ने प्रेस वार्ता कर बताया कि छत्तीसगढ़ में कई ऐसे उद्योग स्पंज आयरन एवं राईस मिलो के द्वारा मजदुरों का लगातार शोषण किया जा रहा है। मजदुर यदि अपने न हक और अधिकार की मांग करते हैं तो प्लांट प्रबंधन द्वारा उन्हें काम से हटाने की धमकी जाती है। इसी क्रम में कुछ प्लांटो के द्वारा कुछ मजदुरों को बिना नोटिस दिए ही कार्य से हटा दिया जाता है और उनका वेतन भी रोक दिया जाता है। अली ने कहा कि यूनियन मजदुरों द्वारा प्लांट का विरोध करते है तो उन्हे प्रबंधकों के द्वारा फर्जी एफआईआर दर्ज कर जेल भेजवा देते है। पप्पू अली ने शासन प्रशासन एवं प्लांट प्रबंधक को चेतावनी दी है अगर किसी भी प्लांट कि शिकायत हमारे तक आती है तो तत्काल उस प्लांट में पहुंचकर प्लांट प्रबंधक से चर्चा कर निराकरण करने को कहा जायेगा और निराकरण नही किया जाता है तो तत्काल अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे भी प्लांट हैं जहां सेप्टी उपकरण, स्वास्थ्य सेवाएं, एवं अन्य किसी प्रकार का कोई उपकरण नही दिया जा रहा है और न ही कलेक्टर दर से वेतन दिया जा रहा है। उक्त समस्याओं? को देखते हुए बहुत जल्द अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस द्वारा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपकर अपना विरोध दर्ज करेगी।

### सड़क में रेत,गिट्टी व मलबा रखने पर संबंधित जुर्माना लिया गया

**राजनांदगांव 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर को स्वच्छ एवं साफरखने की दिशा में नगर निगम का अमला साफसफाई के अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने तथा सडक में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मण्डप के तहत निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम के निर्देश पर कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में निगम का स्वास्थ्य अमला द्वारा मलमा मण्डप के तहत गुरूद्वारा रोड एवं अवाना होटल के पास रोड में रेत, गिट्टी बिल्डिंग मटेरियल एवं मलमा रखने पर संबंधित से 5-5 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया। आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि कतिपय लोगों के द्वारा सड़क पर तथा अपने आवास व दुकानों के सामने बिल्डिंग मटेरियल, मलमा एवं दुकानों का समान रखकर सडक में अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता प्रतिदिन निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है, कार्यवाही के तहत गुरूद्वारा रोड में श्री जगदीश खोमानी द्वारा रेत गिट्टी, बिल्डिंग मटेरियल रोड पर रखने तथा इलाहाबाद बैंक रोड अवाना होटल के पास श्रीमती अनिता बग्गा द्वारा मलमा रखने पर मटेरियल व मलमा हटाने समझाईस देकर 5-5 सौ रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। आयुक्त श्री मरकाज ने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील करते हुये कहा है कि बिल्डिंग मटेरियल व मलमा सड़क पर न रखे एवं अपने दुकान का समान दुकान की सीमा में रखे तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करे, अन्यथा जप्ती करते हुये अर्थदण्ड की कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को दिए सुरक्षा एवं सतर्कता के टिप्स

**बलौदाबाजार 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 23.07.2026 को थाना गिधौरी पुलिस एवं यातायात शाखा कसडोल की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी में एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षाः पुलिस टीम द्वारा वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड जैसे–डिजिटल अरेस्ट , ई-केवाईसी अपडेट के नाम पर ओटीपी ठगी और बैंक खातों के अवैध इस्तेमाल के बारे में विस्तार से समझाया गया। टीम ने सतर्क करते हुए बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर पीएम व शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 24 जुलाई।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज तथा जननेता श्री राहुल गांधी जी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नीट परीक्षा की निष्पक्ष जांच ,दोषियों पर कड़ी कार्यवाही तथा छात्रों पर पुलिस की कार्यवाही तत्काल रोकने की मांग की । इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। एवं राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया।सभा को संबोधित करते हुए




प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि श्री सुनील माहेश्वरी जी ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों और निष्पक्ष भर्ती एवं परीक्षा व्यवस्था के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। कांग्रेस नेत्री सुनीता यादव , कांग्रेस महामंत्री विष्णु कोसले एवं वरिष्ठ कांग्रेसी दीनबंधु शर्मा जी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री रिंकू भाटिया जी ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी।पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री रमेश धृतलहरे जी ने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखना सरकार की जिम्मेदारी है। पेपर लीक जैसी घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।इस अवसर पर किसान नेता मो. अय्यूब खान, नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर जी, प्रदेश किसान महामंत्री विवेक अग्रवाल, चंदू साहू , वरिष्ठ कांग्रेसी बोहरन ताम्रकार , मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन , श्यामलाल देवांगन , भिखारी गहरे, पार्षद मो. याकूब , भाई परदेसी सोनकर , पूर्व पार्षद राहुल शर्मा , कान्हा यदु , मो. अब्दुल , दशरथ चंद्राकर , पूर्व एल्डरमैन पिंटू माली , कमलेश साहू , अजीत भट्ट , विक्की मानिकपुरी , यश शर्मा , विक्की पाण्डे , सोनू भोसले , गुड्डू जैन , लल्लू पाटकर , सरपंच लोमन धृतलहरे , जिला महामंत्री राजा तिवारी , कोमल टंडन , किसान कांग्रेस दिनेश साहू , टीकाराम महिलांग , जिनेंद्र भारती , हिम्मत शर्मा , लाला वर्मा , नागेश साहू , हेमदास कोसले , तुमेश कोसले , गोलू दिवाकर , विवेक मार्टिन , दाऊ यदु , झाड़ू साहू , धनसिंग साहू , मोहन यदु , पुरुषोत्तम यदु , तुले साहू , नरेंद्र सोनवानी , महेश निर्मलकर , रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बच्चों के आधार के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य प्राथमिकता से करें पूर्ण : कलेक्टर




- 15 अगस्त के पहले आधार अपडेशन का कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश
- बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- 30 सितम्बर तक बायोमेट्रिक अपडेशन की निःशुल्क सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 जुलाई।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में आधार के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट के संबंध में शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य एवं चिप्स के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में एमबीयू के तहत 5 से 17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के आधार के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेशन का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 7 हजार आधार अपडेशन का कार्य लंबित है। जिसे यथाशीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए शिक्षा विभाग, चिप्स के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभाग आपस में समन्वय करते हुए बच्चों के आधार अपडेशन का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि आधार अपडेशन कार्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत लाभ लेने, छात्रवृत्ति, बैंकिंग सेवाओं तथा आगामी महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए आवश्यक है। सभी स्कूल के प्राचार्य इस कार्य को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी स्वतः नजदीकी आधार सुविधा केन्द्र में जाकर बच्चों का आधार अपडेशन का कार्य पूर्ण करा सकते हैं। उन्होंने 15 अगस्त 2026 के पहले आधार अपडेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय एवं निजी स्कूलों में आधार अपडेशन के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन के लिए 30 सितम्बर 2026 तक निःशुल्क सुविधा प्रदान किया गया है। इसके पश्चात 125 रूपए प्रति व्यक्ति शुल्क लिया जाएगा।

कलेक्टर ने सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से किशोरी बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान एचपीवी टीकाकरण अंतर्गत 14 वर्ष से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए शिविर लगाने एवं जागरूकता हेतु समन्वय करने कहा। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल बसों एवं वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहन के चालक सड़क पर विपरीत दिशा में वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों का निजी शालाओं में प्रवेश तथा नीट व जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने नीट, एनआईटी, जेईई की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्य में सभी स्कूलों की सहभागिता होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, सहायक ई-जिला प्रबंधक श्री आशीष स्वर्णकार, जिला आधार समन्वयक श्री अंकित सिंह, समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिमगा नवागांव-झिरिया सड़क जर्जर होने से राहगीर, स्कूली बच्चे परेशान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 24 जुलाई।** ब्लॉक के नवागांव से झिरिया जाने वाली सड़क पिछले लगभग दो वर्षों से पूरी तरह जर्जर बनी हुई है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि एक बार इस मार्ग से गुजरने वाला व्यक्ति दोबारा आने से भी कतराता है। राहगीरों का कहना है कि वे प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क के बीचों-बीच बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों को होती है, जिन्हें रोज इसी रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है। कई बार बच्चे गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# वार्डवासियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने वार्ड-नं. 23 में बैठक आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 जुलाई।** भारत सरकार की प्रमुख योजनाओ में लाभकारी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन शहर में किए जाने तथा घरेलू बिजली बिलो में कटौती करने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ उपभोक्ताओ को अधिक से अधिक मिल सके। इसी तारतम्य में आज महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में गुरू गोविंद सिंह वार्ड नं. 23 में बैठक लेकर वार्डवासियो से ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने अपील कर उन्हें योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्री राजा माखीजा, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री मंशाराम मोटलानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महापौर श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अनेक जन कल्याणकारी योजना लागू की जिसमें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना



सबसे महत्वपूर्ण योजना है। योजनांतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। उन्होने कहा कि योजना का उद्देश्य ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनाने की दिशा में घरेलू बिजली बिल में कटौती करने तथा परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत की निर्भारता को कम करने सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए सशक्त बनाना है, इसमें अतिरिक्त बिजली को बेच कर आय कमाने का अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में सिंधी समाज का बहुत महत्वपूर्व योगदान है। इसी योगदान को आगे बढ़ाने आप सब अपने अपने घरो मे सोलर पेनल लगाए और बिजली बिल से छुटकारा पाए। अपने वार्ड में अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाकर शहर में कीर्तिमान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक डॉ. रमन सिंह जी ने अपने वार्ड में अधिक से अधिक सोलर पेनल लगाने पर वार्ड विकास के लिए 10 लाख रूपये देने की भी घोषणा की है। आयुक्त श्री मरकाम ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देकर सभी को योजना का लाभ लेने प्रेरित किए। विद्युत मण्डल के कार्यपालन अभियंता श्री फ्लोरा ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बिजली, मीटर, ट्रांसफार्मर, स्मार्ट मीटर, यूनिट खपत, सोलर क्लीनिग की जानकारी के साथ साथ सोलर बिजली उत्पादन एवं खपत के बारे मे विस्तृत जानकारी दी और कहा कि उपभोक्ता पार्टर के माध्यम से योजना का लाभ लेने आवेदन कर वेंडर का चयन कर सकते है। इसी प्रकार लीडबैक मैनेजर मुनिष शर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत ऋण प्रावधान एवं ब्याज के संबंध में जानकारी दी। पार्षद श्री राजा माखीजा ने भी वार्डवासियो से अपील करते हुए कहा कि बिजली बिल से छुटकारा पाने सभी लोग अपने घरो मे सोलर पेनल लगाए। उन्होंने महापौर जी से योजना का लाभ लेने वार्ड के 300 घरो में सोलर पेनल लगाने का विश्वास दिलाया। इसी प्रकार समाज के लोगो ने कहा कि हम सब अपने सिंधी कालोनी में एंव वार्ड के हर घर में सोलर पेनल लगाने का विश्वास दिलाते है,तथा जिन लोगो को योजना का लाभ लेने में आर्थिक कठिनाईया आएगी उनको सहयोग भी किया जाएगा।

### युवती को साथ शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले गिरफ्तार



**राजनांदगांव 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीड़िता द्वारा थाना बागनदी अपने परिजनों के हमराह उपस्थित होकर एक लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी खुमेन्द्र कुमार श्याम उर्फ कुणाल श्याम पिता परदेशी श्याम उम्र 21 वर्ष निवासी सड़क चिरचारी थाना बागनदी जिला राजनांदगांव के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक शोषण किया गया जिसकी परिणाम स्वरूप 08 माह की गर्भवती हो गई इसके बाद शादी करने से इंकार कर दिया कि रिपोर्ट पर थाना बागनदी में अपराध क्रमांक 21/2026 धारा 69 बीएनएस अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये महिला संबंधी अपराधों को संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुये श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देषन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर, अनुविभगागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ श्री केशरीनंदन नायक के मार्गदर्षन में टीम बनाकर तत्काल आरोपी की पतासाजी की गई। अपराध कायमी के महज 03 घण्टे के अंदर प्रकरण के आरोपी खुमेंन्द्र कुमार श्याम उर्फ कुणाल श्याम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म कबूल करने से गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, उप निरीक्षक देवादास भारती, आरक्षक अनिल टोण्डे एवं आरक्षक टाकेश्वर पटेल की भूमिका सराहनीय रही।

# महापौर ने यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

- निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा कार्य मे तेजी लाने के दिये निर्देश
- यातायात नगर के शेष भुखण्डों का प्रीमियम निर्धारण करने कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 जुलाई।** शहर में चल रहे विकास कार्य निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, पार्षद श्री अमित कुशवाहा व श्री अरूण साहू, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा तथा निगम के तकनीकि व राजस्व अधिकारियो के साथ यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लागर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश




अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंन यातायात नगर के शेष भूखण्डो का प्रीमियम निर्धारण करने कहा।

यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर महापौर श्री यादव उद्यान निर्माण कार्य देख, कहा कि उद्यान में सभी आवश्यक सुविधाओ का समावेश हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने कहा कि यातायात नगर पुराना होने के साथ साथ जर्जर स्थिति में आ गया है, जिसके जीर्णोद्धार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था शासन ने बजट प्रावधान किया और नगरीय प्रशासन विभाग की स्वीकृति अनुसार यातायात नगर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसके तहत रोड, नाली, पार्किंग स्थल मरम्मत कर डामरीकरण किया जायेगा तथा स्ट्रीट लाईट मरम्मत कर हॉईमास्क लाईट लगायी जायेगी। सामुदायिक भवन, शौचालय की सुविधा के अलावा पानी की समुचित व्यवस्था की जावेगी।

महापौर ने कहा कि प्रवेश द्वार के आगमन एवं निर्गमन में गार्ड रूप का निर्माण कराना है, जल भराव स्थल का भरान कर पेवर ब्लाक लगाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकनो के पास सीमेंटिकरण कर डिवाईडर एवं रोड साईड रंगाई पोताई करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप यातायात नगर को दुरूस्त कर विकसित करना है। महापौर ने रोड मरम्मत कार्य जल्द प्रारंभ कर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा मजदूरो की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने व्यावासायिक परिसर निर्माण, धर्मकाटा, कोल्ड स्टोरेज, पेट्रोल पंप आदि निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर उक्त निर्माण कार्य के लिए ले-आउट करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार से भी काम मे तेजी लाने तथा समय सीमा में कार्य पूर्णता के लिए हर संभव प्रयास करने कहा।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य में सभी कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाए। निर्माण में गति लाकर गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, उन्होने अधिकारियो से कहा कि निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग कर प्रतिमाह समीक्षा करे और उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे।

महापौर श्री यादव ने राजस्व अधिकारी से कहा कि यातायात नगर के आबंटित भूखण्डों के आबंटितियो को शेष प्रीमियम राशि जमा करने तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानो के आबंटितियो को अनुबंध करा किराया जमा करने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू व श्रीमती गरिमा वर्मा, राजस्व अधिकारी श्री मोबिन अली, सहायक राजस्व अधिकारी श्री हितेश ठाकुर सहित ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।

### होटल, लॉज, रैनबसेरा एवं धर्मशाला संचालकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

**बलौदाबाजार।** आगंतुक की सही पहचान, सुरक्षित समाज की पहचान। बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस जिले के सभी होटल, लॉज, रैनबसेरा और धर्मशाला संचालकों एवं प्रबंधकों से अपील करती है कि वे अपने व्यावसायिक परिसरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा जांच और प्रविष्टियों को कड़ाई से सुनिश्चित करें। आपकी सतर्कता से अपराधों पर रोकथाम लगेगी और शांति व्यवस्था बनी रहेगी। वैध पहचान पत्र अनिवार्य: ठहरने वाले प्रत्येक आगंतुक का आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड अथवा अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त वैध पहचान पत्र अवश्य लें। रजिस्टर में प्रविष्टि: पहचान पत्र के आधार पर आगंतुक का पूरा विवरण (नाम, पता, मोबाइल नंबर, आने–जाने का समय) रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। सख्त कानूनी कार्रवाई: बिना वैध पहचान पत्र के किसी को भी रुकने की अनुमति न दें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संदिग्धों की सूचना तुरंत दें: ?यदि आपके परिसर में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति रुकता है या अवैध रूप से रह रहे किसी बांग्लादेशी नागरिक की जानकारी मिलती है, तो बिना किसी देरी के पुलिस को सूचित करें: जागरूक व्यवसायी, सुरक्षित छत्तीसगढ़! सुरक्षा नियमों का पालन करें, पुलिस का सदैव सहयोग करें।

# श्रेय लने की होड़ लगी राजनीतिक दलों के बीच

राजनीतिक दल को जब लगता है कि किसी आंदोलन का समर्थन करने से उसको फायदा हो सकता है तो वह आंदोलन का समर्थन करने सामने आते हैं और एक राजनीतिक दल के पहले करने की देरी होती है, सारे राजनीतिक अपने अपने स्तर पर आंदोलन का समर्थन करने सामने आने लगते ही है, अपनी तरफ से यह बताने और जताने से बाज नहीं आते हैं कि हम भी युवाओं के लिए चिंतित है, हम भी छात्रों के साथ हैं। हम भी चाहते हैं कि शिक्षा व परीक्षा की व्यवस्था सुधरनी चाहिए। हम भी चाहते हैं कि देश में किसी भी परीक्षा का पेपरलीक नहीं होना चाहिए। जब पेपर लीक के विरोध में सीजेपी ने जंतर मंतर में आंदोलन शुरू किया तो शुरू में देश के प्रमुख राजनीतिक दलों को लगा कि यह तो किसी दल के नेताओं का आंदोलन है, इसका समर्थन हमको नहीं करना है क्योंकि इससे तो हमको कोई लाभ नहीं होना है. जो लाभ होना किसी दूसरे दल को होना है। बाद में समझ में आया कि यह तो युवाओं से जुड़ा आंदोलन है, युवा लोग इसमे भाग ले रहे हैं और इसका हम समर्थन करते हैं तो हमको भी फायदा हो सकता है। पहले तो दलों ने अपने किसी नेता को भेजकर आंदोलन का समर्थन किया। अपने नेताओं कार्यकर्ताओं को संसद मार्च में शामिल होने और बेरीकेड तोडऩे, पुलिस पर पथराव करने जैसा काम किया गया यानी संसद मार्च के दौरान ऐसी स्थिति पैदा कि पुलिस को स्थिति को नियंत्रण करने के लिए कई जगह बल प्रयोग करना पड़ा। यह तो गनीमत है कि पुलिस ने बहुत संयम से काम लिया और जितना जरूरी था उतना ही बल प्रयोग किया ताकि युवाओं को ऐसा न लगे कि पुलिस उनके साथ बहुत सख्ती से पेश आई। पुलिस की कोशिश भीड़ को तितरबितर करने की रही ताकि बड़ा बवाल न हो। जब भी पुलिस बल प्रयोग करती है तो कुछ लोगों को तो चोट लगती ही है। युवा घायल हुए हैं और उनकी संख्या से ज्यादा पुलिस वाले घायल हुए हैं। युवाओं के आंदोलन में शामिल होने जो नेता जंतर मंतर तक नहीं जा सके। वह युवाओं से मिलने अस्पताल पहुंच गए। कई दलों के नेताओं ने युवाओं का अस्पताल में हाल चाल पूछा और युवाओ की सहानुभूति हासिल करने का प्रयास किया और देश के युवाओं को यह संदेश दिया कि हम युवाओं के साथ है। सरकार के मंत्री भी इसी वजह से युवाओं से मिलने अस्पताल गए और संदेश दिया सरकार युवाओं के लिए बहुत कुछ कर रही है और युवा जो चाहते है, वह भी करने का प्रयास करेगी। राजनीतिक दल अपने राजनीतिक फायदे के लिए हमेशा युवाओं का इस्तेमाल चालाकी से करते है और युवाओं को भड़काकर देश मे नेपाल,बांग्लादेश,श्रीलंका जैसी अराजकता फैलाना चाहते हैं लेकिन देश के बड़ा है और देश के युवा समझदार है, इसलिए ऐसा आज तक विपक्ष का मंसूबा पूरा नहीं हुआ है। पुलिस के सामने युवाओं को लाठी खाने को छोड़कर सब नेता भाग गए तो इस बार भी युवाओं को समझ आ गया है, उनके साथ धोखा किया गया है। युवाओं की पिटाई के नाम पर भी राजनीति कम नहीं हुई किसी ने युवाओं के इलाज व लीगल लड़ाई लडऩे की घोषणा की तो कोई जंतर मंतर व अस्पताल में जाकर युवाओ से मिल आया। सबसे चर्चा में रहने का काम तो राहुल गांधी ने किया। वह न तो संसद के अंदर कायदेकानून की परवाह करते है और न सड़क पर इस बात की फिक्र करते हैं कि वह जो कर रहे हैं वह कहीं गलत तो नहीं है। वह मान के चलते हैं कि वह जो कर रहे हैं वह सही कर रहे हैं और जब बुजुर्ग कांग्रेस नेता से लेकर सब उनके पीछे खड़े हो जाते हैं तो उनको लगता है कि मैं तो सही कर रहा हूं तब ही तो मेरी पार्टी के नेता मेरे साथ खड़े हैं। देश में बड़े से बड़े आंदोलन होते हैं, धरना प्रदर्शन किया जाता है लेकिन कोई सोचता नहीं है कि पीएम के घर के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाए क्योंकि सब इसे गलत मानते हैं और यह गलत भी है। पीएम आवास जिस इलाके में हैं, वह देश का सबसे संवेदनशील इलाका होता है,वहां इस तरह धरना प्रदर्शन किया नहीं जा सकता। लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी है, वह युवाओं को बताना चाहते थे कि जो तुम्हारे लिए किसी ने किया मैंने किया है यानी मैं और कांग्रेस नेता ही तुम्हारे लिए वह सब कर सकते हैं जो कोई नहीं कर सकता है। राहुल गांधी सोचते हैं कि वह ऐसा करके युवाओं के नेता बन जाएंगे.युवा उनको चुनाव जिता देंगे तो उनकी गलतफहमी अगले चुनाव में दूर हो जाएगी। हकीकत में अरविंद केजरीवाल व राहुल गांधी के बीच पंजाब चुनाव के लेकर होड़ लगी हुई है कि बड़ा नेता कौन हैं. अरविंद केजरीवाल युवाओ पर लाठीचार्ज की निंदा करते हैं, पीएम मोदी को जनरल डायर बताते हैं तो राहुल गांधी खुद को केजरीवाल से बड़ा नेता बताने के लिए पीएम आवास के बाहर धरना देने पहुंच जाते हैं। तीन बार दिल्ली और एक बार पंजाब में चुनाव जीतकर अब तक तो केजरीवाल राहुल गांधी से बड़े नेता बने हुए हैं और राहुल गांधी उनको एक बार पंजाब में हराकर साबित करना चाहते हैं कि मैं बड़ा नेता हूं।

विश्लेषण

# ज्ञान, बुद्धि और विवेक : जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति

**तेजबहादुर सिंह भुवाल**



आज दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। विज्ञान, तकनीक और संचार के क्षेत्र में हो रहे तेज़ विकास ने मनुष्य के जीवन को सुविधाजनक बना दिया है। एक क्लिक पर अनगिनत जानकारियाँ उपलब्ध हैं, लेकिन क्या केवल जानकारी का होना ही मनुष्य को महान बना देता है? इसका उत्तर स्पष्ट है—नहीं। जीवन को सार्थक बनाने के लिए ज्ञान के साथ बुद्धि और विवेक का होना अनिवार्य है। यही तीनों गुण व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और भविष्य की वास्तविक पहचान बनते हैं। ज्ञान वह प्रकाश है जो जीवन के अंधकार को दूर करता है। यह हमें शिक्षा, अनुभव, अध्ययन, प्रकृति और समाज से प्राप्त होता है। ज्ञान मनुष्य को जागरूक बनाता है, उसकी सोच का विस्तार करता है और उसे नई संभावनाओं से परिचित कराता है। किंतु केवल ज्ञान अर्जित कर लेना ही पर्याप्त नहीं है। यदि ज्ञान व्यवहार में न उतरे, तो वह पुस्तकों के पन्नों तक ही सीमित रह जाता है।

ज्ञान को सार्थक बनाने का कार्य बुद्धि करती है। बुद्धि वह क्षमता है, जो सही समय पर सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है। जीवन में अनेक अवसर ऐसे आते हैं, जब व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उस समय केवल जानकारी नहीं, बल्कि सूझ-बूझ और दूरदर्शिता काम आती है। बुद्धिमान व्यक्ति समस्याओं से घबराता नहीं, बल्कि उनका समाधान खोजता है। वह परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालना जानता है और असफलताओं को भी सीखने का अवसर बना लेता है। इन दोनों से भी श्रेष्ठ स्थान विवेक का है। विवेक वह आंतरिक चेतना है, जो हमें सही और गलत, न्याय और अन्याय, सत्य और असत्य के बीच अंतर करना सिखाती है। विवेक ही मनुष्य को नैतिक बनाता है। जब ज्ञान और बुद्धि के साथ विवेक जुड़ जाता है, तब व्यक्ति अपने निर्णय केवल स्वार्थ के आधार पर नहीं, बल्कि समाज और मानवता के हित को ध्यान में रखकर लेता है। यही गुण एक सामान्य




व्यक्ति को असाधारण बना देता है।वर्तमान समय में ज्ञान का विस्फोट हुआ है, लेकिन विवेक का संकट भी उतना ही गहरा दिखाई देता है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने सूचनाओं का अंबार खड़ा कर दिया है। बिना सत्यापन के खबरें साझा करना, अफवाहों पर विश्वास करना और बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया देना इस बात का संकेत है कि ज्ञान उपलब्ध है, पर विवेक का उपयोग कम हो रहा है। इसलिए आज आवश्यकता केवल शिक्षित लोगों की नहीं, बल्कि विवेकशील नागरिकों की है। हमारे परिवार, विद्यालय और समाज की जिम्मेदारी है कि वे नई पीढ़ी को केवल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि बहुमूल्य जीवन के लिए तैयार करें। बच्चों में पढ़ने की आदत, प्रश्न पूछने का साहस, तर्क करने की क्षमता और नैतिक मूल्यों का विकास ही उन्हें सच्चे अर्थों में शिक्षित बनाएगा। चरित्र के बिना ज्ञान विनाश का कारण बन सकता है, जबकि विवेकयुक्त ज्ञान समाज के विकास का आधार बनता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि महान व्यक्तियों की पहचान केवल उनके ज्ञान से नहीं, बल्कि उनके विवेकपूर्ण निर्णयों से बनी। उन्होंने अपने ज्ञान और बुद्धि का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए किया। यही कारण है कि उनका जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है। ज्ञान हमें सीखने की प्रेरणा देता है, बुद्धि हमें सोचने की क्षमता प्रदान करती है और विवेक हमें सही मार्ग पर चलने की शक्ति देता है। यदि इन तीनों का संतुलित विकास हो जाए, तो व्यक्ति न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि हम केवल ज्ञानवान बनने का प्रयास न करें, बल्कि बुद्धिमान और विवेकशील भी बनें। यही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि और सच्ची संपत्ति है।

महाभारत में महर्षि वेदव्यास ने कहा है कि सभी प्राणियों में मनुष्य सबसे श्रेष्ठ है। इसका कारण उसकी शक्ति, ज्ञान या बुद्धि नहीं, बल्कि उसका विवेक है। विवेक ही मनुष्य को सही और गलत, उचित और अनुचित का निर्णय लेने की क्षमता देता है। यही गुण उसे अन्य प्राणियों से अलग और श्रेष्ठ बनाता है।

आज जब विवेक का स्थान स्वार्थ ने ले लिया है, तब समाज में अपराध, नशाखोरी, मिलावट, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, हिंसा, तनाव और आपसी वैमनस्य जैसी समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। इन बुराइयों ने मनुष्य को सुख और शांति से दूर कर दिया है। भौतिक सुविधाएँ बढ़ने के बावजूद मानसिक संतोष और आत्मिक शांति कम होती जा रही है। मनुष्य एक सामाजिक और जिम्मेदार प्राणी है। उसकी श्रेष्ठता तभी सार्थक है, जब वह अपने विवेक का सही उपयोग करे। विवेक ही वह प्रकाश है, जो हमें सही राह दिखाता है और सत्य-असत्य, न्याय-अन्याय तथा अच्छे-बुरे में अंतर करना सिखाता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति विवेकपूर्ण जीवन अपनाए, तो न केवल उसका अपना जीवन सुखी होगा, बल्कि समाज भी अधिक संवेदनशील, शांतिपूर्ण और मानवीय बनेगा।जीवन की वास्तविक सफलता केवल अधिक जानने में नहीं, बल्कि सही समझने और सही कार्य करने में है। ज्ञान हमें जानकारी देता है, बुद्धि उसे समझने की क्षमता देती है और विवेक उस समझ को मानवता, नैतिकता और लोककल्याण की दिशा में ले जाता है। जब ज्ञान, बुद्धि और विवेक एक साथ जीवन में उतरते हैं, तभी व्यक्ति केवल सफल नहीं, बल्कि आदर्श और प्रेरणास्रोत भी बनता है। यही वह मार्ग है जो एक सशक्त समाज, जागरूक नागरिक और विकसित राष्ट्र की नींव रखता है।

## सू- दोकू क्र.109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -109

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 108 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# क्या भारत वैश्विक निवेश का नया केंद्र बनने की ओर?

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर भारत ने पिछले एक दशक में कर सुधारों को केवल राजस्व संग्रह का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक विकास,वैश्विक निवेश आकर्षण और ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस का महत्वपूर्ण आधार बनाया है। वस्तु एवं सेवा कर (ज़ीएसटी), फेसलेस असेसमेंट, डिजिटल टैक्स प्रशासन,नई आयकर व्यवस्था और गिफ्ट सिटी जैसे अनेक सुधारों के बाद अब आयकर (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 के माध्यम से केंद्र सरकार ने स्पेसिफाइड फंड की परिभाषा में संशोधन कर एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पहली दृष्टि में यह परिवर्तन तकनीकी और सीमित प्रतीत हो सकता है, किंतु गहराई से देखने पर यह स्पष्ट होता है कि इसका प्रभाव भारत में विदेशी निवेश,पूंजी बाजार, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं और विकसित भारत-2047 की रणनीति पर व्यापक रूप से पड़ने वाला है। अभी भारत सेहत पूरी दुनिया देख रही है कि 20 जुलाई 2026 से यूजीसी नीट पेपर लेक्स सहित अन्य मुद्दों पर जोरदार तरीके से हंगामें के कारण संसद बाधित चल रही है कोई कामकाज नहीं हो रहा है। आज गुरुवार 23 जुलाई 2026 को भी पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। लगातार हंगामे के कारण पहले सुबह 11 से 12 फिर 2 बजे और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए बिना कोई कामकाज किए शुक्रवार 24 जुलाई 2026 तक स्थगित कर दी गई।ठीक यही स्थिति उच्च सदन में भी रही। विपक्ष के हंगामे के बीच कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े विपक्ष के विरोध के कारण कार्यवाही अंततः शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र कर विशेष्य व अधिवक्ता होने के नाते बता दूं क्रि यह संशोधन केवल कर नियमों की भाषा बदलने तक सीमित नहीं है,बल्कि यह भारत की उस दीर्घकालिक आर्थिक सोच का हिस्सा है जिसके अंतर्गत देश स्वयं को एशिया के प्रमुख वित्तीय केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। वैश्विक पूंजी आज ऐसे देशों की तलाश में है जहाँ कानून स्पष्ट हों,कर व्यवस्था स्थिर हो और निवेशकों को अनिश्चितताओं से मुक्त वातावरण मिले। यही उद्देश्य इस संशोधन के मूल में दिखाई देता है।

साथियों स्पेसिफाइड फंड क्या है और इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी? इसको समझने की करें तो आयकर अधिनियम के अंतर्गत स्पेसिफाइड फंड ऐसी निवेश इकाइयों को कहा जाता है जिन्हें विशेष कर लाभ और नियामकीय सुविधा प्रदान की जाती है, विशेषकर उन फंडों को जो भारत में विदेशी निवेश को आकर्षित करते हैं। समय के साथ निवेश संरचनाएँ बदलती गईं, नए वित्तीय उत्पाद विकसित हुए और वैश्विक निवेशकों की आवश्यकताएँ भी परिवर्तित हुईं। ऐसे में पुरानी परिभाषा कई स्थानों पर अस्पष्टता उत्पन्न कर रही थी, जिसके कारण कर विवाद, व्याख्या संबंधी मतभेद और निवेश निर्णयों में अनिश्चितता पैदा हो रही थी।सरकार ने इन्हीं व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए स्पेसिफाइड फंड की परिभाषा को अधिक स्पष्ट, व्यापक और आधुनिक बनाया है ताकि पात्र संस्थाओं की पहचान में भ्रम समाप्त हो और निवेशकों को नियमों का पूर्वानुमानित लाभ सटिका से मिल सके। साथियों बात अगर हम कर कानूनों में स्पष्टता ही सबसे बड़ी पारदर्शिता को समझने की करें तो अंतरराष्ट्रीय निवेशक किसी भी देश में निवेश करने से पहले केवल कर की दर नहीं देखते,बल्कि यह भी देखते हैं कि कर कानून कितने स्पष्ट, स्थिर और न्यायसंगत हैं।यदि नियमों की अलग-अलग व्याख्या संभव हो, तो भविष्य में विवाद की संभावना बढ़ जाती है और निवेशक ऐसे बाजारों से दूरी बनाने लगते हैं।भारत लंबे समय से टैक्स सर्टिआएंनिटी अर्थात कर संबंधी निश्चितता पर बल देता रहा है। आयकर (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह संदेश देता है कि भारत केवल निवेश आमंत्रित नहीं कर रहा, बल्कि निवेशकों के लिए पूर्वानुमेय और भरोसेमंद कर वातावरण भी तैयार कर रहा है। साथियों बात अगर हम गिफ्ट सिटी को मिलेगा नया बल इसको समझने की करें तो गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) को भारत का वैश्विक वित्तीय सेवा केंद्र बनाने की महत्वाकांक्षी योजना वर्षों से चल रही है।इसके लिए सरकार ने अनेक कर रियायतें, नियामकीय छूट और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवस्था विकसित की है।स्पेसिफाइड फंड की नई परिभाषा गिफ्ट सिटी में संचालित निवेश फंडों को अधिक स्पष्ट कानूनी आधार प्रदान करती है। इससे विदेशी फंड प्रबंधकों,निवेश सलाहकारों और वैश्विक पूंजी संस्थानों का विश्वास बढ़ेगा। यदि यह सुधार प्रभावी ढंग से लागू होता है,तो गिफ्ट सिटी भविष्य में दुबई,सिंगापुर और हांगकांग जैसे वित्तीय केंद्रों के साथ अधिक प्रतिस्पर्धी स्थिति में आ सकता है। साथियों बात अगर हमविदेशी निवेशकों को क्या लाभ मिलेगा? इसको समझने की करें तो वैश्विक निवेशक सदैव ऐसे देशों को प्राथमिकता देते हैं जहाँ कर नीति स्थिर हो और कानून की व्याख्या स्पष्ट हो।संशोधित नियमों से पात्र फंडों की पहचान आसान होगी,कर लाभों की पात्रता स्पष्ट होगी और अनुपालन की जटिलता कम होगी।इसका परिणाम यह हो सकता है कि विदेशी संस्थागत निवेशक वैकल्पिक निवेश फंड,संप्रभु निधियाँ तथा वैश्विक निवेश कंपनियाँ भारत को दीर्घकालिक निवेश गंतव्य के रूप में और अधिक गंभीरता से देखें। पूंजी प्रवाह बढ़ने से भारतीय उद्योग,अवसंरचना, स्टार्टअप और पूंजी बाजार को नई ऊर्जा सटीकता से मिल सकती है। साथियों बातें अगर हम भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को समझने की करें तो भारत पाँच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में घरेलू बचत के साथ-साथ वैश्विक पूंजी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।यदि कर कानून सरल,पारदर्शी और निवेश- अनुकूल होंगे,तो भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पोर्टफोलियो निवेश तथा दीर्घकालिक संस्थागत निवेश में वृद्धि संभव है।इससे रोजगार,औद्योगिक उत्पादन, नवाचार और वित्तीय बाजारों की गहराई बढ़ेगी। आर्थिक दृष्टि से यह संशोधन केवल कर नियम नहीं, बल्कि विकास रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ सिद्ध हो सकता है। साथियों बात अगर हम इस कानून से क्या चुनौतियाँ भी हैं? इसको समझने की करें तो हर कर सुधार के साथ कुछ व्यावहारिक चुनौतियाँ भी जुड़ी होती हैं।नई परिभाषा लागू होने के बाद यह सुनिश्चित करना होगा कि आयकर विभाग,नियामक संस्थाएँ और निवेशक सभी इसकी एक समान व्याख्या करें। यदि विभिन्न प्राधिकरण अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाते हैं, तो वही समस्या पुनः उत्पन्न हो सकती है जिसे समाप्त करने के लिए संशोधन किया गया है।इसके अतिरिक्त छोटे निवेश फंडों और कर सलाहकारों को नए नियमों के अनुरूप प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना भी आवश्यक होगा। प्रभावी कार्यान्वयन ही किसी भी कानूनी सुधार की वास्तविक सफलता तय करता है। साथियों बात अगर हम वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति को समझने की करें तोआज विश्व के अनेक देश विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए कर सुधारों की प्रतिस्पर्धा में लगे हैं। सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, आयरलैंड और लक्ज़मबर्ग जैसे देशों ने स्पष्ट और स्थिर कर नीतियों के कारण वैश्विक निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है।भारत के पास विशाल उपभोक्ता बाजार, मजबूत डिजिटल अवसंरचना, कुशल मानव संसाधन और लोकतांत्रिक शासन प्रणाली जैसी बड़ी शक्तियाँ हैं। यदि इनके साथ कर कानूनों में निरंतर सुधार और नीति स्थिरता भी जुड़ती रही,तो भारत वैश्विक निवेश मानचित्र पर और अधिक मजबूत स्थान प्राप्त कर सकता है।आधुनिक कर कानूनों का उद्देश्य केवल सरकार के लिए राजस्व एकत्र करना नहीं है। उनका उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना भी है जिसमें उद्योग, निवेशक और नागरिक सभी विश्वास के साथ आर्थिक गतिविधियाँ कर सकें।आयकर (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 इसी व्यापक सोच का प्रतीक है। यह दिखाता है कि सरकार कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सरल और निवेश- अनुकूल बनाने के प्रयास में निरंतर आगे बढ़ रही है। यदि भविष्य में भी इसी प्रकार समय- समय पर स्पष्टता आधारित सुधार होते रहे, तो भारत का वित्तीय तंत्र अधिक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनेगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विकसित भारत की दिशा में एक शांत लेकिन ऐतिहासिक कदम इतिहास गवाह है कि किसी भी विकसित राष्ट्र की आर्थिक शक्ति केवल उसके उद्योगों या प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित नहीं होती, बल्कि उसके कानूनों की स्पष्टता, संस्थागत विश्वसनीयता और नीति स्थिरता पर भी निर्भर करती है।

## कद, काठी और लाठी

व्यंग्य

**डॉ सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



जंतर-मंतर की उस सीली, ऐतिहासिक और ठंडी सड़क पर जब खाकी वर्दी की लाठियों ने अपना भयानक नृत्य शुरू किया, तो हवा में सिर्फ चीखें और भागते जूतों की चाप तैर रही थी। हर कोई अपनी हड्डियों को साबुत बचाकर ले जाने की जुगत में बदहवास भाग रहा था। तभी भीड़ के उस भयानक खौफनाक समंदर के बीच एक लड़का रुका जैसे बहती नदी में कोई भारी पत्थर ज़मीन पकड़ ले। उसने भागना छोड़ दिया, अपनी मुट्ठियाँ ढीली कीं और अपना निहत्था शरीर उस खाकी आंधी के हवाले कर दिया। जब दनादन लाठियाँ पड़ने लगीं, तो वह रोया नहीं, न ही उसने रहम की भीख माँगी। उसने अपनी आँखों में एक जलता हुआ सन्नाटा भरकर सिपाहियों से बस इतना कहा, "मारो यार, कब तक मारोगे? जब तक तुम्हारी बांहें न टूट जाएँ या मेरी साँसें न थम जाएँ, मारते रहो।"

उस खौफनाक लम्हे में, जब पहला वार उस लड़के की पीठ पर पड़ा, तो दर्द की कोई लकीर हवा में नहीं खिंची, बल्कि लड़के के शरीर और उस सख्त शीशम की लाठी के बीच एक खामोश, भीतर तक हिला देने वाली बातचीत शुरू हो गई। लाठी ने अचरज से थरथराते हुए पूछा, "अरे पगले, तू भाग क्यों नहीं रहा? तेरे आगे-पीछे वाले तो हवा से बातें कर रहे हैं, अपनी खाल बचाने को तिलमिला रहे हैं, तू क्यों पत्थर की मूरत बना खड़ा है?" लड़के की रीढ़ की हड्डी पर लाठी का दूसरा निशान छप चुका था, पर उसके चेहरे पर एक आतिशी मुस्कान थी। लड़के के शरीर ने कराहते हुए मगर बुलंद आवाज़ में जवाब दिया, "भागे तो वो, जिसके पास खोने के लिए अभी कुछ बचा हो। तुम मेरी जिन हड्डियों को तोड़ने आई हो, वो कागज़ी डिग्रियों का बोझ सहते-सहते पहले ही जर्जर हो चुकी हैं। मारो, कि तुम्हारी ये कठोरता शायद मेरी आत्मा के इस खालीपन को कुछ देर के लिए भर दे।" लाठी ने गुस्से और तिलमिलाहट में एक और करारा वार उसकी छाती पर किया, लेकिन लड़का अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ, जैसे कोई जिद्दी खंभा। लाठी ने फिर फुसफुसाकर कहा, "तुझे दर्द नहीं होता क्या? मेरी एक-एक चोट से इंसान गिरकर घुटने टेक देता है, रोते-रोते अपनी माँ को याद करता है। तू किस मिट्टी का बना है भाई?" लड़के के जिस्म से बहते खून ने उस पुरानी सड़क को रंगना शुरू कर दिया था। उसने एक भारी साँस ली और गहरी उपेक्षा से कहा, "दर्द? दर्द तो तब होता था जब हर सुबह रिजेक्शन लेटर आता था और बाप की बूढ़ी आँखें मुझसे नज़रें चुराती थीं। यह लाठी तो मेरे बेकारी के उस अंतहीन अवसाद से बहुत हल्की है। यह खाकी का डंडा तो मुझे बस यह एहसास दिला रहा है कि मैं अभी ज़िंदा हूँ, मरा नहीं हूँ।" अब लाठी चलाने वाले का हाथ भी थकने लगा था और डंडे की चमड़ी पर भी लड़के के पसीने और खून की नमी आने लगी थी। लाठी अब प्रहार नहीं कर रही थी, बल्कि वो खुद उस लड़के के अडिग ज़मीर के आगे काँप रही थी। लाठी ने सहमकर कहा, "तू मुझे हरा रहा है दोस्त! मैं सरकार की ताकत का प्रतीक होकर भी आज तेरे सामने लाचार हूँ। तेरे इस निहत्थे जिस्म ने मेरी कड़क को मोम बना दिया है। बता, तू चाहता क्या है? यह सत्ता का तंत्र बहुत क्रूर है, यह तुझे इतिहास के पन्नों में एक मामूली गिट्टी की तरह कुचल देगा।" लड़के ने फटी हुई कमीज़ से अपने माथे का पसीना और खून पोंछा, उसकी आँखों में पूरे देश के बेबस युवाओं का दर्द छलक आया। वह बोला, "मैं कुछ माँगने नहीं आया हूँ। मैं तो बस इस तंत्र के मुँह पर अपनी लाचारी की वसीयत लिखने आया हूँ।"इस अद्भुत और रोंगटे खड़े कर देने वाले संग्राम में ऐसा लगा मानो लाठी अब छटपटाने लगी हो। उसने रुँधे गले से कहा, "तू रोता क्यों नहीं? अगर तू एक बार रो दे, चीख पड़े, तो शायद यह खाकी हाथ रुक जाएँ, शायद यह तमाशा खत्म हो जाए!" लड़के ने एक कड़वी, कलेजे को चीरने वाली हँसी हँसते हुए कहा, "रोऊँ? अब तो आँखों के सारे आँसू ज़माने की बेरुखी में सूख चुके हैं। हमारी आँखों में अब आँसू नहीं, तेज़ाब बहता है। अगर आज रो दिया, तो मेरी हार नहीं होगी, इस देश के हर उस लड़के की हार होगी जो सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगाता है और रात को भूखे पेट सोता है। तुम मारते रहो, तुम्हारी लाठी टूट जाएगी, सिपाही की कलाई में ऐंठन आ जाएगी, पर मेरी इस चमड़ी के नीचे जलती आग कभी नहीं बुझेगी।"

सूरज ढल रहा था और जंतर-मंतर की सड़क पर एक सन्नाटा पसार गया। लाठी अब पूरी तरह से बेदम होकर ज़मीन पर टिक चुकी थी और लड़का वहीं खड़ा था—घायल, लहूलुहान, मगर पूरी तरह अजेय। लाठी ने टूटते हुए आखिरी बार फुसफुसाया, "तू जीत गया भाई, मेरी लकड़ी की अकड़ तेरे हाड़-मांस के सब्र के आगे हार गई।" लड़के ने आसमान की तरफ देखा, जहाँ शाम का धुंधलका गहरा रहा था। उसने अपने टूटे हुए कंधों को सीधा किया और मुस्कुराते हुए मन ही मन कहा,'यह देश भी कितना अजीब है, जहाँ युवाओं को अपना वजूद साबित करने के लिए डिग्रियां नहीं, पुलिस की लाठियों के निशान दिखाने पड़ते हैं।'

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 24 जुलाई।** जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बीजापुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तेजस ( ञ्श्वछ्व्स ) स्टार्टअप वर्कशॉप का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैय्या तथा कलेक्टर विश्वदीप की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं में नवाचार, उद्यमिता और स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित कर उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप केवल नया व्यवसाय शुरू करने का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय समस्याओं का नवाचारी समाधान विकसित करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि बीजापुर जैसे जिले में कृषि, वनोपज, हस्तशिल्प,




खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन और सेवा क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यदि युवा नवाचार और आधुनिक सोच के साथ इन क्षेत्रों में आगे बढ़ें तो न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करेंगे।

उन्होंने युवाओं से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न उद्यमिता और स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का युवा रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बने। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को हर संभव मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराएंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने युवाओं को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने स्टार्टअप की अवधारणा, व्यवसाय मॉडल तैयार करने की प्रक्रिया, नवाचार, वित्तीय सहायता, निवेश प्राप्त करने की रणनीति, विपणन, ब्रांडिंग तथा केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद सही योजना, तकनीक और मार्गदर्शन के माध्यम से सफल स्टार्टअप स्थापित किया जा सकता है।

स्टार्टअप विशेषज्ञ प्रीति खण्डेलवाल, संदीप यादव एवं अबुल हसन ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना की व्यवहारिक जानकारी दी। युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से संवाद किया तथा अपने व्यावसायिक विचारों और नवाचार संबंधी अवधारणाओं को साझा किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जिला राम राना सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, महाप्रबंधक पीआर खंडेलवाल, प्रबंधक डीपी साहू सहित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, बैंक अधिकारी, युवा उद्यमी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

कार्यशाला ने जिले के युवाओं में उद्यमिता के प्रति नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। यह पहल बीजापुर में नवाचार आधारित उद्यमिता, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## एक नजर

### प्रयास कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त तक

**जगदलपुर, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की कक्षा 9 वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट eklavya.cg.nic.in पर काउन्सलिंग हेतु छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथि प्रदर्शित की गयी है। जिसमें प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक काउन्सलिंग की तिथि निर्धारित की गई है, प्रयास आवासीय विद्यालयों में 11 बजे से शाम 04 बजे तक रखा गया है। संबधित छात्र-छात्राओं को उपरोक्त निर्धारित काउन्सलिंग तिथि को अनिवार्य दस्तावेज लेकर काउन्सलिंग स्थल में उपस्थित होना होगा। जिसके तहत कक्षा 08वीं में प्रथम श्रेणी 60 प्रतिशत उत्तीर्ण अंक सूची, प्रधानपाठक या प्राचार्य द्वारा जारी कक्षा 08 वीं में अध्ययनरत होने का सत्यापन प्रमाण पत्र, पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीडित प्रमाण पत्र, दस रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अल्पसंख्यक वर्ग अन्तर्गत होने संबंधी नोटरी का सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र, विशेष श्रेणी से चयनित विद्यार्थियों को काउन्सलिंग की तिथि को दिव्यांगता, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे होने, अनाथ बच्चे होने, विधवा माता के बच्चे होने, परित्यक्ता महिला के बच्चे होने, देश की रक्षा करते हुए या अपने कर्तव्य निवर्हन करते समय पुलिस, अर्द्धसैनिक, सशस्त्र बल या शहीद सैनिक के बच्चे होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। काउन्सलिंग पश्चात संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर 03 दिवस के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउन्टर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

### राज्य खेल अलंकृत पुरस्कार, मुख्यमंत्री ट्रॉफी एवं डाइट मनी के लिए आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित

**जगदलपुर, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, उत्कृष्ट प्रशिक्षकों और निर्णायकों को सम्मानित करने के लिए वार्षिक राज्य खेल अलंकृत पुरस्कार, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नकद राशि, प्रेरणा निधि तथा खेलवृत्ति (डाइट मनी) वर्ष 2025ङ्क26 हेतु आवेदन प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू कर दी है। इस योजना के तहत राज्य में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में आकर्षक नगद पुरस्कार राशि की व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत वरिष्ठ वर्ग के उन खिलाड़ियों को 3 लाख रुपए की नगद राशि के साथ शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीता हो या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया हो। इसी तरह कनिष्ठ वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को डेढ़ लाख रुपए की राशि के साथ शहीद कौशल यादव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षकों और निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के तहत डेढ़ लाख रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विगत पांच वर्षों में चार बार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को 25 हजार रुपए की राशि के साथ शहीद पंकज विक्रम सम्मान तथा 55 वर्ष या उससे अधिक आयु की उन खेल हस्तियों को शहीद विनोद चौबे सम्मान के साथ 25 हजार रुपए दिया जाएगा जिन्होंने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं।

### डायल-112 ने जहर सेवन करने वाली एक महिला को समय पर पहुंचाया अस्पताल

**नारायणपुर, 24 जुलाई।** जिले की पुलिस की डायल-112 सेवा ने एक बार फिर अपनी त्वरित और संवेदनशील कार्यशैली का परिचय देते हुए जहर सेवन करने वाली एक महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई की सुबह करीब 7:30 बजे डायल-112 कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक महिला ने जहर सेवन कर लिया है, और उसकी हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम बिना किसी देरी के घटनास्थल के लिए रवाना हुई।दुर्गम और कच्चे रास्तों के बावजूद पुलिस टीम तेजी से मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित वाहन में बैठाकर तत्काल जिला अस्पताल, नारायणपुर पहुंचाया।

# जब शिक्षा सड़क पर हो और सत्ता ख़ामोश तो सवाल एक आंदोलन का नहीं, पूरे राष्ट्र की प्राथमिकताओं का होता है :अनवर खान

■ इतिहास हमेशा बड़ी-बड़ी इमारतों, भाषणों और फ़ैसलों में दर्ज नहीं होता कभी-कभी वह ज़मीन पर छूटे हुए जूतों में भी लिखा जाता है

■ अगर छात्रों की आवाज़ उठाना सियासत है तो हम ऐसी सियासत करते रहेंगे...छात्रों की मांगें तत्काल पूरी हों उनके भविष्य और न्याय पर कोई समझौता नहीं



**जगदलपुर, 24 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड के पुर्व सदस्य व कांग्रेस नेता अनवर खान ने छात्रों के साथ हुए लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा कर मोदी सरकार पर प्रहार किया और कहा जब शिक्षा सड़क पर हो और सत्ता खामोश तब सवाल सिर्फ एक आंदोलन का नही पूरे राष्ट्र की प्राथमिकताओं का होता है किसी देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी इमारतें नहीं, बल्कि उसके युवाओं के सपने और उनका भविष्य होता है। जब छात्रों को किताबें छोड़कर अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़े, तो यह केवल शिक्षा का नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य का सवाल बन जाता है। अनवर खान ने कहा युवाओं की आवाज़ सुनना, उनके सपनों को सम्मान देना और उन्हें बेहतर अवसर देना ही एक मजबूत और विकसित राष्ट्र की पहचान है जिसे पूरा करने में मोदी सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। इतिहास हमेशा बड़ी-बड़ी इमारतों, भाषणों और फ़ैसलों में दर्ज नहीं होता, कभी-कभी वह ज़मीन पर छूटे हुए जूतों में भी लिखा जाता है, क्योंकि जूते कभी अपने आप नहीं छूटते. वे तब छूटते हैं, जब हालात इंसान को पलटकर देखने की मोहलत भी नहीं देते,ये जूते उन पैरों के हैं, जो उम्मीद लेकर घर से निकले थे। बेहतर कल की उम्मीद में. लेकिन लौटते वक़्त... कई लोगों के पैरों में जूते नहीं थे. और उम्मीद? लाठी चली... लोग भागे... जूते-चप्पल रह गए। हम नहीं जानते...इनमें से कौन-सी जोड़ी किसकी है. लेकिन इतना ज़रूर जानते हैं कि इस देश में हर किसी के लिए जूते छोड़कर चले जाना आसान नहीं होता। इन चप्पलों का यूँ छूट जाना सिर्फ़ एक सामान का छूट जाना नहीं है, ये उस अफ़रातफ़री की तस्वीर है जहाँ किसी को अपने जूतों से ज़्यादा अपनी साँसों की फ़िक्र थी. आज ये सब जंतर-मंतर की ज़मीन पर रखे हैं. ये सिर्फ़ इस बात की गवाही है कि उस दिन वहाँ लोग थे जो अपने-अपने घरों से निकले थे. हक़ मांगने. इन जूतों का कोई नाम नहीं है. लेकिन हर जोड़ी के पीछे एक चेहरा है.एक घर, एक परिवार,एक इंतज़ार है.और शायद...एक सपना भी।

अनवर खान ने कहा लश्कर भी तुम्हारा, सरदार भी तुम्हारा, तुम झुठ को सच लिख दो अखबार भी तुम्हारा, इस दौर के फरियादी जायें तो कहाँ जायें, कानून तुम्हारा, दरबार भी तुम्हारा इतना मत डराओ के लोग डरना छोड़ दे, अगर छात्रों की आवाज़ उठाना सियासत है तो हम ऐसी सियासत करते रहेंगे। छात्रों की मांगें तत्काल पूरी हो उनके भविष्य और न्याय पर कोई समझौता नहीं।देश का छात्र आज कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा है, क्योंकि यह लड़ाई केवल हृश्वश्वञ्ज या किसी एक परीक्षा की नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भविष्य, समान अवसर और न्याय की लड़ाई है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरंदुल ने किया एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 24 जुलाई।** दिल्ली के जंतर मंतर में हो रहे छात्रों द्वारा धरना प्रदर्शन को तूल देते हुए आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरंदूल द्वारा श्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर छात्रों पर हो रहे अत्याचार एवं लाठी चार्ज के ऊपर घोर चिंता जताते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शन में ना ही सिर्फ नीट के पेपर लिक का मुद्दा उठा साथ ही साथ अयोध्या राम मंदिर में हुए पैसे का घोटाला और सरकार द्वारा लोगों को हो रहे अव्यवस्थाओं के बारे में बोला गया साथ में यह भी बोला गया जो बच्चे नीट पेपर के लिए जंतर मंतर में अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं उसे पर सरकार को सूचना होगा और जो भी उनकी मांगे हैं उनको पूरी करनी होगी कमेटी के सदस्य द्वारा सरकार द्वारा किए गए पेपर लीक की जिम्मेदारी को लेने की मांग की गई। इस धरना प्रदर्शन में ना ही सिर्फ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरंदुल के सदस्य बल्कि युवा साथी जो अभी-अभी अपनी परीक्षाओं को पूरी करके आगे की पढ़ाई के लिए अपने बेहतर भविष्य की कामना करते हैं वह भी इस एक देर से धरना प्रदर्शन में शामिल हुए ताकि ऐसा दोबारा ना हो। नगर पालिका उपाध्यक्ष किरंदुल श्री बबलू सिद्दीकी के द्वारा यह बोला गया कि सरकार द्वारा जो पेपर लीक किए गए हैं उसकी जिम्मेदारी सरकार खुली नहीं होगी साथ ही साथ जो भी व्यक्ति इस पेपर लिखकर ले जिम्मेदार है उसे अपने स्थान से इस्तीफा देना होगा और स्टूडेंट पर हो रहे अत्याचारों को रोक कर उनके मांगों को सरकार को सूचना होगा और आगे ऐसा दोबारा ना हो इसके लिए सरकार को कड़े नियम बनाने होंगे।

## जर्जर किचन शेड से प्रभावित हो रही मध्यान्ह भोजन व्यवस्था,बारिश में बढ़ी छात्रों की परेशानी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 जुलाई।** जिले के बीजापुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मिढ़ते के प्राथमिक शाला कचलारम में जर्जर किचन शेड के कारण मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बारिश के मौसम में हालात और गंभीर हो गए हैं, जिससे बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत सरपंच ने बताया कि स्कूल में किचन शेड की खराब स्थिति के कारण रसोइयों को भोजन बनाने में काफी परेशानी होती है। बारिश के दौरान सुरक्षित स्थान नहीं होने से भोजन तैयार करना मुश्किल हो जाता है। इससे भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर भी असर पड़ने की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि बारिश के दिनों में कई बार भोजन तैयार होने में देरी हो जाती है, जिसके कारण विद्यार्थियों को समय पर मध्यान्ह भोजन नहीं मिल पाता। उन्होंने स्कूल में नए किचन शेड के निर्माण अथवा जर्जर भवन की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मध्यान्ह भोजन योजना बच्चों के पोषण और नियमित उपस्थिति के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में किचन शेड की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को बिना किसी बाधा के गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके।जर्जर किचन शेड से प्रभावित हो।

## शांतिनगर में पेयजल संकट समेत जनसमस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर, 24 जुलाई।** नगर पालिका परिषद बीजापुर के वार्ड क्रमांक-07 शांतिनगर में पेयजल संकट एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी को ज्ञापन सौंपा। वार्ड भ्रमण पर पहुंचीं अध्यक्ष ने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

ज्ञापन में वार्डवासियों ने नियमित पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, नाली, सड़क सहित अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने तथा जल्द समाधान सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान वार्ड के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भीमा माड़वी, 'मन की बात' कार्यक्रम प्रभारी दिनेश मज्जी, वार्ड पार्षद सुगंती चालाकी, भाजपा के वरिष्ठ मार्गदर्शक मंगू हेमला सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

वार्डवासियों ने उम्मीद जताई कि नगर पालिका प्रशासन जल्द कार्रवाई कर लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान करेगा। वहीं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और वार्डवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।



## राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने किया भाजपा और प्रधानमंत्री का पुतला दहन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी तथा अन्य कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पेपर लीक, युवाओं की समस्याओं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर विरोध जताया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं की आत्महत्या बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस गंभीर मुद्दे पर मौन है। राठौर ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अधिकारों की मांग उठाने पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफहै। मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था, रोजगार और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुखदेव नाग, जिला पंचायत सदस्य लछुराम मौर्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू पोटाम, जिला महामंत्री पुरुषोत्तम सल्लुर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संजना चौहान, जिला कांग्रेस पदाधिकारी सुनील उद्धे, जनपद सदस्य बोधि ताती, पूर्व युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे, सालिक नागवंशी, सहदेव नेगी, वरिष्ठ कांग्रेसी इम्तियाज खान, मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा, छात्र और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम, ज्योति राव के भजनों से गूंजा गुड़िचा मंदिर परिसर

**दंतेवाड़ा 24 जुलाई।** शहर के बस स्टैंड स्थित गुड़िचा मंदिर (भगवान जगन्नाथ के मौसी का घर) में आयोजित भव्य भजन संध्या में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे। पूरे मंदिर परिसर में ÷जय जगन्नाथ÷ के गगनभेदी जयघोष लगातार गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। भजन संध्या में शिव शक्ति भजन मंडली की मुख्य गायिका ज्योति राव ने अपनी टीम के साथ भजन की प्रस्तुति दी। भगवान जगन्नाथ, श्रीकृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। ज्योति राव की मधुर आवाज़, भावपूर्ण गायकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लगातार जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते रहे। ज्योति राव की प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। उनके भजनों ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु अंत तक कार्यक्रम से जुड़े रहे। मंदिर परिसर पूरी तरह भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के अंत में भगवान जगन्नाथ की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से आयोजित यह भजन संध्या श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बन गई।



# बीजापुर में शुरू हुआ 'ट्री एटीएम,अब लोग आसानी से लगाने के लिए ले सकेंगे पौधे

■ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बीजापुर वनमंडल में 'ट्री एटीएम' का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को पौधे उपलब्ध कराकर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाना और जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है।

वन विभाग द्वारा स्थापित इस ट्री एटीएम से नागरिक निःशुल्क अथवा न्यूनतम शुल्क पर पौधे प्राप्त कर सकेंगे। इन पौधों का उपयोग घरों, खेतों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण के लिए किया जाएगा। विभाग का मानना है कि इस पहल से लोगों की पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी




बढ़ेगी और हरित आवरण का विस्तार होगा।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है। 'ट्री एटीएम' जैसी पहल लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ हरित बीजापुर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मथियास कुजूर, सांसद प्रतिनिधि जिलाराम राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता लव कुमार रायडू, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप तेलम, भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक के.जी. सुधाकर, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शक्ति सदन संविदा भर्ती संशोधित सूची जारी

**जगदलपुर, 24 जुलाई ।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जगदलपुर द्वारा मिशन शक्ति योजना अंतर्गत संचालित सखी निवास एवं शक्ति सदन में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के संबंध में संशोधित पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है ।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रारंभिक पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन कर निर्धारित अवधि में दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के उपरांत पात्र-अपात्र सूची प्रकाशित की गई थी। अब उक्त सूची में आंशिक संशोधन करते हुए पुनः संशोधित पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है।

# महासमुंद एवं बागबाहरा के 88 दिव्यांगजनों को 135 निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 24 जुलाई।** जिले के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर एवं सुगम जीवन उपलब्ध कराने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के समन्वय से आज डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन, बागबाहरा रोड, महासमुंद में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकासखंड महासमुंद एवं बागबाहरा के चिन्हांकित दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह कार्यक्रम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफइंडिया लिमिटेड द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। इससे पूर्व प्रथम चरण में जिले में मूल्यांकन एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित कर पात्र दिव्यांगजनों का चयन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष श्रीमती दिशा रामस्वरूप दीवान एवं उपाध्यक्ष श्रीमती हुलसी चंद्राकर ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान कर उनके बेहतर जीवन एवं आत्मनिर्भरता की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री अनुपमा आनंद मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने उपस्थित सभी दिव्यांगजनों एवं प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। शिविर में विकासखंड महासमुंद के 67 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, वॉकिंग स्टिक, सुगम्य केन तथा टीएलएम किट सहित विभिन्न सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। वहीं विकासखंड बागबाहरा के 21 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, वॉकिंग स्टिक, स्मार्टफ़ोन एवं टीएलएम किट प्रदान किए गए। इस प्रकार कुल 88 दिव्यांगजनों को 135 सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह, जनपद पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एलिम्को जबलपुर के प्रबंधक श्री बंशीलाल साकेत, कनिष्ठ प्रबंधक श्री धर्मेंद्र यादव, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के रीजनल मैनेजर श्री राजेश बाघमारे, प्रशासनिक प्रबंधक श्री विनीत भाटी सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।



## एक नजर

### डाक विभाग की पेंशन अदालत का आयोजन 30 जुलाई को

**रायगढ़, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डाक विभाग द्वारा पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों की पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 30 जुलाई को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह पेंशन अदालत कार्यालय अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग, रायगढ़ में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगी। अदालत में पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों की पेंशन प्रकरणों से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का निपटारा किया जाएगा। डाक विभाग ने बताया है कि शिकायत संबंधी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने आवेदन में ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर तथा पीपीओ नंबर सहित आवश्यक जानकारी अनिवार्य रूप से अंकित करें, ताकि शिकायतों का प्रभावी एवं शीघ्र निराकरण किया जा सके।

### जिले में 434 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायगढ़ जिले में 23 जुलाई तक 434 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 17.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 613.8 मिली मीटर, पुसौर में 476.5, खरसिया में 402.7, घरघोड़ा में 258.1, तमनार में 617.7, लैलूंगा में 357.6, मुकडेगा में 301.3, धरमजयगढ़ में 266.2, छाल में 481.3 एवं कापू में 564.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बंधन बैंक का कुल कारोबार 11% बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये के पार

**रायपुर, 24 जुलाई।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। बैंक का कुल कारोबार 11त्न बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। कुल लोन बुक 16त्न की बढ़ोतरी के साथ 1.56 लाख करोड़ रुपये और कुल जमा (डिपॉजिट) 7त्न बढ़कर 1.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कुल जमा में रिटेल डिपॉजिट की हिस्सेदारी 74त्न रही, जबकि कासा अनुपात 29.4त्न दर्ज किया गया। पहली तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 502 करोड़ रुपये रहा। बैंक वर्तमान में देश के 35 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 6,400 बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से 3.2 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है। एमडी एवं सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि बैंक ग्राहक-केंद्रित, तकनीक-सक्षम और सतत विकास की रणनीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

### 13.49 लाख में लॉन्च हुई किआ सिरोस ईवी, 526 किमी रेंज और 15 साल की बैटरी वारंटी

**रायपुर, 24 जुलाई।** किआ इंडिया ने अपनी दूसरी मेड-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक एसयूवी किआ सिरोस ईवी को 13.49 लाख (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है। यह दो बैटरी विकल्पों–42 kWh और 51.4 kWh-में उपलब्ध होगी। बड़े बैटरी पैक के साथ यह ARAI प्रमाणित 526 किमी तक की रेंज देती है, जबकि 100 kW डीसी फास्ट चार्जर से 39 मिनट में 10% से 80% तक चार्ज हो जाती है। कंपनी ने 15 साल की लाइफटाइम हाई-वोल्टेज बैटरी वारंटी, 3 साल बाद 80% तक एश्योर्ड बायबैक और बैटरी-एज़-ए-सर्विस जैसी सुविधाओं की भी घोषणा की है। एसयूवी में 30-इंच ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो व एप्पल कारप्ले, लेवल-2 ADAS, 360-डिग्री कैमरा, 6 एयरबैग सहित कई प्रीमियम फीचर्स दिए गए हैं। इसकी बिक्री 30 जुलाई से देशभर में शुरू होगी।

### मंत्री केदार कश्यप ने पोटियाडीह में औषधीय खेती का किया अवलोकन

**धमतरी, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज धमतरी जिले के ग्राम पोटियाडीह पहुंचकर जिला प्रशासन की पहल पर विकसित औषधीय पौधों की खेती एवं महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित नर्सरी का अवलोकन किया। उन्होंने औषधीय खेती को ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और सतत आजीविका का प्रभावी माध्यम बताते हुए इस क्षेत्र में अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने गायत्री-इंदिरा स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली।

# बिहान से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

- रुपडेगा की सुदामा रावत बनीं लखपति दीदी
- किराना दुकान, मनिहारी, सिलाई और सेंटरिंग प्लेट व्यवसाय से हर साल 3 लाख रुपये की आय
- गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार और आत्मविश्वास की दिखा रहीं राह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 24 जुलाई।** कभी खेती-बाड़ी तक सीमित रहने वाली लैलूंगा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम रुपडेगा की श्रीमती सुदामा रावत की जिंदगी अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति बदली, बल्कि अपने हौसले, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर लखपति दीदी



बनने का गौरव भी हासिल किया।

सरस्वती स्व-सहायता समूह की सदस्य सुदामा रावत ने शुरुआत में समूह से मिली सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) का उपयोग खेती-बाड़ी के लिए किया। खेती से परिवार की जरूरतें तो पूरी हो जाती थीं, लेकिन उन्होंने यहीं रुकने के बजाय कुछ बड़ा करने का सपना देखा। इसी सोच ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। समूह के सहयोग और बैंक से मिले 5 लाख रुपये के मुद्रा ऋण के सहारे उन्होंने गांव में किराना दुकान शुरू की। धीरे-धीरे उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया और आज वे किराना दुकान के साथ मनिहारी सामग्री की बिक्री, सेंटरिंग प्लेट किराये पर उपलब्ध कराने तथा सिलाई सेंटर का सफल संचालन भी कर रही हैं।

#### मेहनत रंग लाई, बढ़ी आमदनी और आत्मविश्वास

सुदामा रावत की लगन और मेहनत का परिणाम यह है कि आज वे हर वर्ष लगभग 2 से 3 लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। बच्चों की शिक्षा बेहतर हुई, स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ीं और परिवार का जीवन स्तर पहले की तुलना में काफी सुधरा है। अब गांव की कई महिलाएं उनसे प्रेरणा लेकर स्व-सहायता समूहों से जुड़ रही हैं और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। वे स्वयं भी महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने, प्रशिक्षण लेने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उनका कहना है कि समूह ने उन्हें केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया। आज वे अपने व्यवसाय का सफल संचालन करने के साथ-साथ गांव की महिलाओं को रोजगार और प्रशिक्षण देने का कार्य भी कर रही हैं।

#### बिहान ने बदली जिंदगी की तस्वीर

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें बचत, ऋण, प्रशिक्षण और स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रहा है। सुदामा रावत इसकी जीवंत मिसाल हैं। समूह से जुड़कर उन्होंने आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी और आज वे सम्मानजनक जीवन जीते हुए अपने गांव में नई पहचान बना चुकी हैं। सुदामा रावत कहती हैं, मेहनत, लगन और समूह के सहयोग से कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। नियमित बचत करें, प्रशिक्षण लें, बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करें। सरकार और समूह का सहयोग महिलाओं को लखपति दीदी बनने का अवसर देता है।

# सेवा सेतु बना आमजन का भरोसेमंद साथी, सप्ताहभर में बना विवाह प्रमाणपत्र

- लोक सेवा केंद्र की सरल प्रक्रिया से समय और धन दोनों की हुई बचत, घर के पास ही मिली सुविधाएं

**रायगढ़, 24 जुलाई ।** शासन द्वारा नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और सहज शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई सेवा सेतु आमजन के लिए भरोसेमंद साथी बन गया है। रायगढ़ जिले के पुसौर तहसील अंतर्गत ग्राम गोर्री निवासी योगेंद्र निराला इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जिन्हें सेवा सेतु के माध्यम से सप्ताहभर के भीतर विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया। गत दिवस उन्होंने निकटतम लोक सेवा केंद्र (सेवा सेतु) के माध्यम से विवाह प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन की प्रक्रिया बेहद सरल रही और ऑनलाइन एकीकृत व्यवस्था के कारण उनका आवेदन शीघ्र संबंधित अधिकारियों तक पहुंच गया और निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें महज 7 से 10 दिनों के भीतर विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया।

योगेंद्र निराला का कहना है कि सेवा सेतु के माध्यम से अब सरकारी सेवाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और पारदर्शी



हो गई हैं। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि अनावश्यक भागदौड़ और खर्च से भी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे कार्यों में महीनों लग जाते थे, लेकिन अब सप्ताह से डेढ़ सप्ताह के भीतर ही विवाह प्रमाणपत्र मिल गया। शासन की यह व्यवस्था आम नागरिकों के लिए बहुत उपयोगी है। इसके लिए मैं शासन-प्रशासन का हृदय से धन्यवाद करता हूं। सेवा सेतु के माध्यम से विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ अब नागरिकों को समयबद्ध तरीके से मिल रहा है। ऑनलाइन और पारदर्शी व्यवस्था के कारण आवेदन प्रक्रिया सरल हुई है तथा सेवाओं की गुणवत्ता और गति में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को अब छोटी-छोटी शासकीय सेवाओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

# कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 24 जुलाई।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज शाम कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मानवीय संवेदना के साथ मरीजों का उपचार करें एवं सकारात्मक व्यवहार करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री अनुपमा आनंद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू धृतलहरे, बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (टीबी), राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि वर्ष 2026 तक टीबी मुक्त पंचायत, टीबी मुक्त विकासखंड एवं टीबी मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्राप्त किया जाए। इसके लिए संभावित मरीजों की समय पर पहचान, जांच, उपचार तथा उपचार पूर्ण होने तक सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए संचालित निक्षय पोषण योजना सहित अन्य सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की सहभागिता से जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में टीबी उन्मूलन को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए, जिससे नए मरीजों की शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित हो सके। बैठक में बताया गया कि अभी तक 305 ग्राम पंचायते टीबी मुक्त हो गई है। वर्तमान में जांच के दौरान टीबी 754 मरीज उपचाररत हैं।

बैठक में कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि रोगियों की शीघ्र पहचान, नियमित उपचार तथा दिव्यांगता रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को घर-घर सर्वे एवं जनजागरूकता गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में 524 मरीज उपचाररत् हैं। जिनका सघन इलाज किया जाए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को और मजबूत बनाया जाए। उच्च जोखिम प्रसव वाले प्रकरणों पर प्रारंभ से ही निगरानी रखते हुए संस्थागत प्रसव हेतु सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि गैर संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाकर डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसे बीमारियों का सतत उपचार करें। कलेक्टर ने सिकल सेल, एनीमिया मुक्त भारत और चिरायु टीम को भी सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

# नगर पालिका परिषद सिमगा के स्कूल आदर्श प्राथमिक में शिक्षकों की कमी से पालक नाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 24 जुलाई।** नगर पालिका परिसद सिमगा के स्कूल आदर्श प्राथमिक के इंग्लिश मिडयम मे बैठक हुई जिसमे विद्यार्थिओं के पालक सिमगा नगर पालिका के अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया कांग्रेस के वरिष्ठ दीनबंधु शर्मा सिमगा नगर के पार्षद विष्णु जायसवाल सचिन जैन पूर्व पार्षद कान्हा यदु आँगन बड़ी के कार्यकर्ता स्कूल मे बचे सिर्फ 2 स्टॉफ जो सिमगा के आदर्श प्राथमिक स्कूल के प्रायमरी व मिडिल पहली से आठवीं कक्षा को संभालते हैं बिओ संजय श्रीवास्तव और पत्रकार मौजूद थे इस मीटिंग मे एक पेपर मे सभी से दसख्त लेकर पारित किया गया की ज़ब तक इस स्कूल मे विद्यार्थिओं के लिए पढ़ाने के लिए शिक्षकों की व्यवस्था न हो जाए तब तक पुराने टीचर उपस्थित होकर विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे पर यह चीज पलकों को शांत करने के लिए किया गया है इससे पूर्णता साबित होता है शिक्षकों के पास लिखित में कोई दस्तावेज व आदेश नहीं पहुंचा है जिसके चलते आज भी आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा प्राइमरी से



मिडिल क्लास में विद्यार्थियों के उथल पुथल के साथ स्कूल शिक्षक विहीं है सिमगा मे दोनों बिओ मे आपस मे नहीं बनने के कारण विद्यार्थिओं के भविष्य से खिलवाड़ होते देख पलकों मे आक्रोश है पलकों का कहना है स्कूल मे जल्द वेवस्था बहाल न होने पर स्कूल मे ताला लगा कर प्रदर्शन करेंगे। उक्त बैठक में पलकों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, पार्षद एवं पालक संघ अध्यक्ष विष्णु जायसवाल, पार्षद अनूप तिवारी पार्षद सचिन जैन ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया,वरिष्ठ नेता दीनबंधु शर्मा , मो अय्यूब खान, पूर्व पार्षद कान्हा यदु,अजीत भट्ट गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पंजीकृत श्रमिक 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से कराएं ई-केवाईसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 24 जुलाई ।** श्रम विभाग ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों से अपने श्रमिक कार्ड की जानकारी का सत्यापन एवं ई-केवाईसी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने की अपील की है। ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। समय पर ई-केवाईसी एवं जानकारी अपडेट नहीं कराने वाले श्रमिक भविष्य में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि यदि श्रमिक कार्ड में नाम (हिंदी एवं अंग्रेजी), जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर अथवा पूर्ण पते से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो उसका तत्काल संशोधन कराया जाना आवश्यक है। सही एवं अद्यतन जानकारी होने से श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा। श्रमिक कार्ड में संशोधन की सुविधा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में निर्धारित प्रक्रिया के तहत केवल 20 रुपये सेवा शुल्क पर उपलब्ध है। संशोधन के लिए श्रमिकों को आधार कार्ड की मूल प्रति, सहमति पत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय होने चाहिए, ताकि आवेदन में किसी प्रकार की समस्या न आए।

#### जनपद स्तर पर लगाए जा रहे ई-केवाईसी शिविर, समय रहते उठाएं लाभ

श्रम विभाग द्वारा जनपद पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर ई-केवाईसी की प्रक्रिया निरंतर संचालित की जा रही है। विभाग ने सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे 30 जुलाई से पहले अपने निकटतम जनपद पंचायत अथवा सीएससी सेंटर पहुंचकर श्रमिक कार्ड का सत्यापन, आवश्यक संशोधन एवं ई-केवाईसी अवश्य करा लें। समय पर यह प्रक्रिया पूरी करने से भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा तथा शासन की सभी श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहेगा।

### कलेक्टर मिश्रा ने की योजनाओं की समीक्षा

**धमतरी, 24 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुपोषण के खिलाफ यह केवल विभागीय नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व का अभियान है, जिसमें प्रत्येक अधिकारी और मैदानी अमले की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, कुपोषण मुक्ति अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए अधिकतम 60 दिनों के भीतर सभी रिक्त पदों को भरने की नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए, ताकि बच्चों और माताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में कलेक्टर ने जिले में वर्तमान में 587 गंभीर कुपोषित बच्चों की जानकारी पर कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों को अपने-अपने सेक्टर के गंभीर कुपोषित बच्चों की नामवार सूची, अभिभावकों के संपर्क नंबर सहित तैयार रखने के निर्देश दिए।

# जल जीवन मिशन से हर घर तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

- अब पानी लाने में नहीं होता घंटों का संघर्ष
- स्वच्छ पानी से सुधरा स्वास्थ्य, बच्चों की पढ़ाई को मिला नया संबल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 24 जुलाई।** विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम पंचायत छर्राटांगर अंतर्गत ग्राम डोकरबुड़ा आज जल जीवन मिशन की सफलता की एक प्रेरणादायक मिसाल बन चुका है। 176 परिवारों और 772 की आबादी वाले इस गांव में अब प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल नियमित रूप से पहुंच रहा है। कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करने वाले ग्रामीण आज घर बैठे स्वच्छ पेयजल की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इस परिवर्तन ने न केवल लोगों की दिनचर्या को आसान बनाया है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को भी नई दिशा दी है।

डोकरबुड़ा की श्रीमती कुंतीमा राठिया



बताती हैं कि पहले उन्हें प्रतिदिन कई बार लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था। घर की जिम्मेदारियों के साथ पानी की व्यवस्था का पूरा दायित्व उनके कंधों पर था, जिससे दिन का बड़ा हिस्सा इसी कार्य में बीत जाता था। कई बार बच्चों को भी पढ़ाई छोड़कर पानी लाने में सहयोग करना पड़ता था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत घर तक नल कनेक्शन मिलने के बाद अब यह परेशानी पूरी तरह समाप्त हो गई है। समय की बचत होने से वे परिवार की बेहतर देखभाल करने के साथ अन्य घरेलू एवं आयवर्धक कार्यों पर भी ध्यान दे पा रही हैं।

जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक परिवार तक घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। इसके बाद स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता से जलजनित



बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। चिकित्सा पर होने वाला खर्च घटा है और परिवारों का जीवन पहले की तुलना में अधिक स्वस्थ एवं सुरक्षित हुआ है। वहीं अब बच्चों को पानी लाने की जिम्मेदारी नहीं निभानी पड़ती, जिससे वे नियमित रूप से विद्यालय जाकर अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

**हर घर जल से विकास की नई राह पर बढ़ा डोकरबुड़ा:** जल जीवन मिशन ने डोकरबुड़ा में केवल नल से पानी पहुंचाने का कार्य नहीं किया, बल्कि पूरे गांव के सामाजिक और आर्थिक जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाया है। ग्रामीण अब जल संरक्षण, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल के महत्व को समझते हुए जिम्मेदारी के साथ इसका उपयोग कर रहे हैं।

हितग्राही श्रीमती कुंतीमा राठिया कहती हैं, जल जीवन मिशन ने हमारे घर तक केवल नल से पानी ही नहीं पहुंचाया, बल्कि समय की बचत, बेहतर स्वास्थ्य, महिलाओं को सम्मान और परिवार के लिए एक सुरक्षित एवं खुशहाल भविष्य की नई उम्मीद भी दी है। आज हर घर जल से हमारा जीवन पहले से कहीं अधिक आसान और सुखद हो गया है। आज ग्राम डोकरबुड़ा इस बात का जीवंत उदाहरण है कि जब हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचता है तो केवल प्यास ही नहीं बुझती, बल्कि पूरे गांव के विकास को नई गति मिलती है।

# मंत्री टंक राम वर्मा के प्रयास से गरीब परिवार की दो मेधावी बेटियों का रायपुर कॉलेज में हुआ प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 24 जुलाई।** तिल्दा नेवरा विकासखंड के समीप स्थित ग्राम पंचायत सरोरा की दो प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा का सपना अब साकार हो गया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली इन दोनों छात्राओं ने अपनी पढ़ाई जारी रखने की इच्छा और पारिवारिक परिस्थितियों से ग्राम पंचायत सरोरा की सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू को अवगत कराया। छात्राओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरपंच ने तत्काल पहल की और उनकी पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा जी तक पहुंचाई।

जानकारी के अनुसार, सरोरा निवासी प्रभा साहू, पिता दीनदयाल साहू और पायल बंजारे, पिता भागीरथी बंजारे ने हाल ही में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 94.4 प्रतिशत और 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन



से न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे ग्राम पंचायत सरोरा का नाम भी गौरवान्वित किया है। हालांकि आर्थिक अभाव के कारण उनके सामने आगे की पढ़ाई जारी रखना चुनौती बन गया था। सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू ने छात्राओं की प्रतिभा और उनकी परिस्थितियों को देखते हुए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा जी से संपर्क कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। मामले की गंभीरता को

समझते हुए मंत्री महोदय जी ने तत्काल रायपुर स्थित कॉलेज प्रशासन से दूरभाष पर चर्चा की और दोनों छात्राओं के प्रवेश की व्यवस्था कराने का आग्रह किया। मंत्री महोदय के त्वरित हस्तक्षेप के बाद दोनों छात्राओं का कॉलेज में प्रवेश सुनिश्चित हो गया, जिससे उनके उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

इस पहल से छात्राओं और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। ग्राम पंचायत सरोरा के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने मंत्री टंक राम वर्मा जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से दो मेधावी बेटियों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। ग्रामीणों का मानना है कि प्रतिभा को उचित अवसर मिलने से ही समाज और प्रदेश का विकास संभव है। ग्रामीणों ने सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू की संवेदनशील पहल की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और जनहित के प्रति समर्पित सोच से जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर सहायता मिल सकती है। सरोरा की इन दोनों बेटियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी और यह संदेश देगी कि कठिन परिस्थितियां भी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन के सामने बाधा नहीं बन सकती है।

# उद्यानिकी फसल बीमा 31 जुलाई तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 जुलाई ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जिले में खरीफ वर्ष 2026-27 के लिये राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर उद्यानिकी फसलों टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसलों को अधिसूचना जारी किया गया है। ऋणी एवं अऋणी रूप से फसल बीमा कराने के अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

सहायक संचालक उद्यान आभा पाठक ने बताया कि जिले के समस्त किसान इस योजना का लाभ उठाकर अपने फसलों का बीमा करवा सकते है। किसान अपने नजदीकी बैंक सहकारी समिति अथवा लोक सेवा केन्द्र एवं बीमा से जुड़ी जानकारी एवं समस्याओं के समाधान हेतु बीमा कंपनी के जिला समन्वयक पालेश्वर वर्मा मोबाईल नंबर 9827981368 से संपर्क कर सकते है। विकासखण्डवार अधिकारियों में विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अमन राठौर मोबाईल नंबर- 8827814234, भाटापारा ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी बालकृष्ण राठौर मोबाईल नंबर 9589574685, बलौदाबाजार उद्यान अधीक्षक हीरासिंह पैकरा मोबाईल नंबर- 9993321127, पलारी उद्यान अधीक्षक पुकराम टैगर मोबाईल नंबर 7000412324 एवं कसडोल में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रवि कुमार बघेल मोबाईल नंबर- 7000087548 से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## वारंटी अवधि में वाहन की नि:शुल्क करनी होगी मरम्मत

**बलौदाबाजार, 24 जुलाई।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा वाहन कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिबादी के वाहन को उसकी पूर्ण संतुष्टी के साथ नि :शुल्क सुधारकर दिये जाने, वाहन सुधारकर नहीं दिये जाने की स्थिति में वाहन के आईडीव्ही मूल्य प्रदाय किये जाने एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लच्छनपुर निवासी लक्ष्मीनारायण गायकवाड़ ने विरोधी पक्षकार क्र. 1 बेनाली मोटर लिमिटेड हैदराबाद ?द्वारा निर्मित बेनाली मोटरसायकिल विरोधी पक्षकार क्र. 2 देवांस बाईक वर्ड, चंगोरभाठा रायपुर से खरीदा था। तकनीकी खराबी आने से उक्त वाहन का इंजन खराब हो गया जिसे विरोधी पक्षकारगण के निर्देशों पर रायपुर एवं बिलासपुर में कंपनी के शोरूम व सर्विसिंग सेंटर में बनाने का काफी प्रयास किया गया परन्तु वाहन में पूर्णत: सुधार नहीं हुआ। सामान्य सर्विसिंग कर वाहन उपभोक्ता को प्रदाय कर आश्वासन दिया गया कि यदि कोई खराबी भविष्य में आती है तो उपभोक्ता के गृह ग्राम में आकर उत्तका निराकरण नि :शुल्क किया जाएगा।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शिक्षण संस्थानों के पास संचालित दुकानों का किया निरीक्षण

■ नियमों के उल्लंघन पर कोटपा एक्ट के तहत 10 दुकानों का चालान किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार तथा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में गुरुवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विकासखंड कसडोल में संचालित शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के दायरे में संचालित पान ठेला, गुमटियों, किराना दुकान होटलों का निरीक्षण किया। कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4/6 का उल्लघंन करते पाए जाने पर 10 पान ठेला,गुमटियों, होटलों एवं टी स्टॉल से 1900 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान दुकान संचालकों को धूम्रपान निषेध वाले एवं नाबालिक को तम्बाकू उत्पाद नही बेचे जाने की सूचना के बोर्ड का प्रदर्शन अधिसूचना अनुसार किये जाने के बारे में बताया गया। संचालकों को यह भी निर्देश दिया गया कि सार्वजनिक स्थल में माचिस, लाईटर, ऐश ट्रे या अन्य कोई वस्तु जो धूम्रपान को बढ़ावा देती है, काउंटर पर लोगो को उपलब्ध ना करायें। संचालकों को शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद ना बेचने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संचालकों को नाबालिगों को तम्बाकू उत्पाद विक्रय नहीं करने संबंधी कड़े निर्देश दिए गए। आमजनो को भी सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान न करने जागरूक किया गया। कार्यवाही में खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक नीलिमा साहु ,स्वास्थ्य विभाग से वीरेंद्र प्रसाद बंजारे एवं पुलिस प्रशासन से प्रधान आरक्षक मौजूद थे।

## गैर वातानुकूलित स्लीपर श्रेणी में भी बेड रोल की सुविधा

**रायपुर, 24 जुलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का रायपुर रेल मंडल यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं गुणवत्तापूर्ण यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी के यात्रियों के लिए भी भुगतान आधारित बेड रोल सुविधा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत यात्री निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपनी आवश्यकता के अनुसार बेड रोल प्राप्त कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में नियुक्त बेड रोल अटेंडेंट स्लीपर कोचों में नियमित रूप से भ्रमण करते हैं तथा यात्रियों की मांग के अनुसार बेड रोल उपलब्ध कराते हैं। निर्धारित शुल्क प्राप्त करने के उपरांत यात्रियों को विधिवत रसीद भी प्रदान की जाती है। इस व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु अमरकंटक ट्रेन के एस-3 कोच की सीट संख्या 79 एवं 80 को भुगतान आधारित स्लीपर क्लास बेड रोल अटेंडेंट के लिए सीट किराया भुगतान पर आरक्षित किया गया है। यात्री अपनी सुविधा के अनुसार भुगतान कर बेड रोल प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी यात्री को बेड रोल प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो वे संबंधित स्लीपर कोच के टीटीई से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# मंत्री टंक राम वर्मा के प्रयासों से परसदा स्कूल को 20 लाख रुपये के नवीन भवन की स्वीकृति, ग्रामीणों में खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 24 जुलाई।** बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के प्रयासों से तिल्दा विकासखंड के ग्राम परसदा (जोता) स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के लिए 20 लाख रुपये की लागत से नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने गांव में स्कूल भवन की आवश्यकता को लेकर मंत्री टंक राम वर्मा के समक्ष मांग रखी थी। इस मांग पर त्वरित पहल करते हुए लगभग 15 दिनों के भीतर नवीन भवन के लिए 20 लाख रुपये की मंजूरी दिलाई गई।

मंत्री टंक राम वर्मा के प्रयासों से तिल्दा विकासखंड के अनेक गांवों में विद्यालयों के नवीन भवन, अतिरिक्त कक्ष, मरम्मत कार्य, आंगनबाड़ी भवन तथा अन्य विकास कार्यों को भी स्वीकृति मिल रही है। इससे क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण अधोसंरचना के विकास को गति मिल रही है।

ग्रामीणों ने नवीन भवन की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री, मंत्री टंक राम वर्मा तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। तिल्दा नेवरा ब्लाक विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग नरेंद्र शर्मा ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया है।

---

**न्यायालय तहसीलदार सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202606210100022
अ/21 (1) वर्ष 2025-26
साकिन- मुसुवाडीह प.ह.नं. 18

### ईश्तहार

एतद द्वारा ग्राम मुसुवाडीह प.ह.नं. 18 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामबाई ध्रुव पिता जंगला गोंड एवं 03 अन्य जाति गोंड, निवासी व कास्तकार ग्राम मुसुवाडीह तहसील सिमगा द्वारा ग्राम मुसुवाडीह प.ह.नं. 18 तहसील सिमगा में स्थित ख.नं. 984 रकबा 0.4200 हे. भूमि को अनावेदक सीताराम साहू पिता खोरबाहरा निवासी व कास्तकार मुसुवाडीह तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 3.00.000/- रूपये (अक्षरी तीन लाख रूपये) में भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, बयाना राशि 3,00,000/-(अक्षरी तीन लाख रूपये) प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र बी-1. खसरा पांचसाला, नक्शा, सहित संलग्न किया गया है। उक्त प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा के माध्यम् से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 14-08-2026 तक इस न्यायालय में अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, सिमगा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/922/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गजेन्द्र ध्रुव पिता श्री बंशी ध्रुव वार्ड क्रं. 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री बंशी लाल ध्रुव पिता श्री प्रभुराम ध्रुव वार्ड क्रं. 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 02 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/924/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय, अनुज, भूपेन्द्र कुमार पाटिल पिता स्व. श्री बिरेन्द्र कुमार पाटिल वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्रीमती दुलश्या बाई पति स्व. श्री जगदीश सतनामी वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/906/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशा राम नवरंगे पिता श्री तिहारू नवरंगे वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्रीमती रमौतीन बाई पति श्री तिहारू नवरंगे वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/908/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जशवंत सोनवानी पिता श्री दल्लू सोनवानी वार्ड क्रं. 19 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री दल्लू सोनवानी पिता श्री शोभा सोनवानी वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/910/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुशील कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री किशन लाल अग्रवाल वार्ड क्रं. 12 बाजार पारा वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्रीमती गीता देवी पति श्री किशन लाल अग्रवाल वार्ड क्रं. 12 वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन /भूमि वार्ड क्रं. 12 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/912/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजित कुमार यदु पिता स्व. श्री रणबीर यदु वार्ड क्रं. 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री रणबीर यदु पिता श्री सखराम यदु वार्ड क्रं. 02 वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 02 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/914/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शोभा मोटवानी पति श्री दौलत राम मोटवानी वार्ड क्रं. 05 गुरू नानक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री गुलाब चंद उर्फ गुलाब राय पिता श्री कृष्ण कुमार कृपलानी वार्ड क्रं. 05 गुरू नानक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 05 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/916/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रजनी बाई निषाद पति स्व. श्री हीराराम निषाद वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री हीराराम निषाद पिता श्री अलेन निषाद वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/918/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सिमरन लखवानी पति श्री हरेश लखवानी वार्ड क्रं. 05 गुरू नानक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्रीमती इंद्रा देवी लखवानी श्री शखावत लखवानी वार्ड क्रं. 05 गुरू नानक वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 05 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/920/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 23/07/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संदीप बन्ने पिता श्री राजाराम बन्ने वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्रीमती सुशीला बाई दुबे पिता श्री बचानू प्रसाद वार्ड क्रं. 04 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607095200015**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मान दास गायकवाड,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मान दास पिता कंगलू गायकवाड जाति सतनामी सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने पुत्र ईश्वर गायकवाड आ. मान दास की जन्म दिनांक 13.05.2008 को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म तिथि दर्ज कर प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, शिक्षण पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रीवाहगहन का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 31.07..2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार 1, डोंगरगढ़

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607095200005**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सुनील कुर्रे,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुर्रे पिता रोहित दास कुर्रे जाति सतनामी सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने पुत्री रूहानी आ. सुनील कुर्रे की जन्म दिनांक 15.03.2019 को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म तिथि दर्ज कर प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, शिक्षण पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार; जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रीवागहन का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 29.07..2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार 1, डोंगरगढ़

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607095200004**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सुनील कुर्रे,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुर्रे पिता रोहित दास कुर्रे जाति सतनामी सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने पुत्री जसप्रित आ. सुनील कुर्रे की जन्म दिनांक 15.03.2021 को ग्राम कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म तिथि दर्ज कर प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, शिक्षण पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार, जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत रीवागहन का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 29.07..2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/07/2016 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार 1, डोंगरगढ़

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607092200029**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2025-2026
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मुन्नी बाई,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मुन्नी बाई आ. जीतलाल जाति लोधी निवासी बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं मुन्नी बाई आ. जीतलाल का जन्म दिनांक 07/12/1979 को स्थान बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 03/08/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, डोंगरगढ़

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607092200028**

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2025-2026
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सुखचरण,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुखचरण आ. गहरू राऊत जाति राऊत निवासी बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री सुलोचना आ. सुखचरण का जन्म दिनांक 20/08/1986 को स्थान बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 03/08/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, डोंगरगढ़

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला सुकमा एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, सुकमा

### //अधिसूचना//

क्रमांक/2/63/रीडर/अ-82/2026 दिनांक 21/07/2026

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा-11(1) भू-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है, कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से)5) में दर्शित भूमि की, अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता हैं अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वास, और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा-11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा-12 के अन्तर्गत दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता हैः-

### //अनुसूची//

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.नं. | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टर में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| सुकमा | छिन्दगढ़ | गंजेनार/20 | 259 | 0.050 | अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छिन्दगढ़ | उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण हेतु |
| | | | 253/1 | 0.090 | | |
| | | | 249 | 0.004 | | |
| | | | 248 | 0.120 | | |
| | | | 253/2 | 0.040 | | |
| | | कवासीरास/20 | 302 | 0.480 | | |
| | | | 312 | 0.440 | | |
| | | | **07 कुल** | **1.224** | | |

2. यह भी सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वंय अथवा अपने द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निर्धारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छिन्दगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित प्रयोजन के लिए भूमि अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंति विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया है।
6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत् अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छिन्दगढ़ को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्ति किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(अमित कुमार)
कलेक्टर,
जिला सुकमा
एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-262702321/3

## एक नजर

### भारत व्यापार महोत्सव के लिए रिकॉर्ड बिजनेस डेलीगेट पंजीयन

**रायपुर, 24 जुलाई।** कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा 12 से 15 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत व्यापार महोत्सव में छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं रिकॉर्ड सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कैट छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय, रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने की। बैठक में सरगुजा से बस्तर तक प्रदेश के 26 जिलों के जिला अध्यक्षों एवं प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा प्रत्येक जिले से अधिकतम संख्या में बिजनेस डेलीगेट पंजीयन कराने का संकल्प लिया।

### यूपीआई इकोसिस्टम से रोजाना 66 करोड़ का लेन-देन

**रायपुर, 24 जुलाई।** भारत के यूपीआई इकोसिस्टम अब रोजाना 66 करोड़ से अधिक लेनदेन प्रोसेस कर रहा है और ग्राहकों की वफ़ादारी को बढ़ावा देने में इसमें एक बुनियादी बदलाव देखने को मिल रहा है। एम्पावर इंडिया द्वारा प्राथमिक और द्वितीयक शोध के आधार पर, से पता चला है कि 89 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान ऐप चुनते समय रिवॉड्र्स और कैशबैक पर विचार करते हैं। वहीं, 83 प्रतिशत उपयोगकर्ता बेहतर रिवॉड्र्स के लिए ऐप बदलने के लिए तैयार हैं, जबकि 94 प्रतिशत लोग ऐप बदलते समय रिवॉड्र्स को महत्वपूर्ण मानते हैं। 88 प्रतिशतलोग बेहतर विकल्पों की पहचान करने के लिए यूपीआई ऐप्स की सक्रिय रूप से तुलना करते हैं। यह दर्शाता है कि रिवॉड्र्स अब केवल प्रमोशनल प्रोत्साहन नहीं रह गए हैं, बल्कि भुगतान से जुड़े निर्णयों को प्रभावित करने वाला एक मुख्य कारक बन चुके हैं।

### अंजिनेश बने बालोद जिला प्रभारी

**रायपुर, 24 जुलाई।** भाजयुमो प्रदेश सह-प्रमुख विधि एवं तकनीक, उच्च न्यायलय अधिवक्ता अंजिनेश



अंजय शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी की अनुशंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के आदेश पर जिला बालोद प्रभारी का दायित्व को दिया गया यह दायित्व संगठनात्मक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका निभाने हेतु प्रदान किया गया है। इस नियुक्ति से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद निवासरत युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# खम्हारडीह थाने के बाहर कांग्रेस का धरना खत्म

## पुलिस से तीन बिंदुओं पर बनी सहमति



**रायपुर, 24 जुलाई।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेसी अपनी मांगों को लेकर गुरुवार से खम्हारडीह थाने में धरने पर बैठे थे। तीन बिंदुओं पर पुलिस के साथ सहमति बनने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा कर दी है।

दीपक बैज ने कहा है कि पुलिस ने आश्वासन दिया है कि कांग्रेस के आवेदन पर सात दिनों के अंदर जांच कर कांग्रेस भवन पर हमला करने वाले भाजपाइयों पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा। घायल कांग्रेस कार्यकर्ताओं का डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर दोषियों पर नए सिरे से एफआईआर दर्ज किया जाएगा। जिन कांग्रेसियों पर गैर जमानतीय धराएं लगाई गई है उसकी विवेचना कर गैर जमानतीय धराए हटाई जाएगी। बता दें कि भाजपा ने पीएम आवास के बाहर राहुल गांधी के धरना देने को लेकर कांग्रेस मुख्यालय का घेराव किया था। प्रदर्शन के दौरान उग्रता दिखाने के आरोप में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोलते हुए खम्हारडीह थाने के बाहर धरने पर बैठे थे। पीसीसी चीफदीपक बैज ने भी थाने पहुंचकर विरोध जताते हुए उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफदर्ज एफआईआर रद्द करने और कांग्रेस भवन में हमला करने वाले भाजपाइयों के खिलाफएफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। अपनी मांग को लेकर कांग्रेसी थाने के बाहर ही टेंट बनाकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए थे। आज पुलिस के साथ मांगों पर सहमति बनने पर प्रदर्शन खत्म किया गया।

# प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचाना लक्ष्य : मुख्य सचिव

**रायपुर, 24 जुलाई।** मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर नल (जल जीवन मिशन) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना से महिलाओं का समय बचेगा और जलजनित बीमारियों में कमी आएगी तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर समयबद्ध तरीके से रनिंग बिलों के भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य बाधित नही हो। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि वीबी-जी राम जी एवं स्थानीय संसाधनों, जिला खनिज न्यास (डीएमएफ), सांसद निधि, विधायक निधि, सीएसआर एवं अन्य उपलब्ध स्त्रोतों से आवश्यक वित्तीय व्यवस्था कर योजनाओं को पूर्ण किया जाए।

### पूर्ण योजनाओं को 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन करें

मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में मिशन मोड में कार्य करते हुए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा कि वे प्रत्येक माह जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में मुख्य सचिव ने पूर्ण हो चुकी और हस्तांतरित योजनाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिन योजनाओं का कार्य अधूरा है, उन्हें 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# कार ने आधा दर्जन गाड़ियों को मारी टक्कर, महिला चालक फरार

**रायपुर, 24 जुलाई।** रायपुर के सरस्वती नगर थानाक्षेत्र स्थित फ्लाईओवर पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार एक महिला चला रही थी। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर अफ़रा-तफ़री मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई।



जानकारी के मुताबिक, कार ने फ्लाईओवर पर चल रहे दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से कई लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही सरस्वती थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामलें में जांच की जा रही है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। घायलों की संख्या और उनकी स्थिति को लेकर आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

# विकास कार्यों की समीक्षा

**रायपुर, 24 जुलाई।** जिला पंचायत बेमेतरा में आज जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा किसानों खेती के लिये समय पर खाद्य बीज उपलब्ध कराने के लिये अधिकारियों को को निर्देशित किये और समय किसानों की और आमजन कि समस्याओ का निराकरण कराने का निर्देश दिये। बैठक में कृषि



विभाग की योजनाओं, किसानों को मिलने वाली सुविधाओं एवं कृषि विकास कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था, जलापूर्ति एवं जल संकट से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

# हाइवे में हेलमेट अनिवार्य करने का आदेश शीघ्र जारी करने की मांग

**रायपुर, 24 जुलाई।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर हाइवे में शीघ्र हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की है।

आहूजाद्वय ने कहा कि हम लगातार 7 महीने से आपसे यह मांग कर रहे है केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में 2023 से 2025 तक एक्सीडेंट व मृत्यु के आंकड़े 8 जनवरी को जारी किये थे।

राज्य शासन के आदेश पर अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने 27 अप्रेल 2026 को केन्द्रीय कानून एवं छत्तीसगढ़ के कानून के तहत मोटरसायकल सवार एवं सह सवार के लिए हेलमेट लगाने का आदेश जारी कर



दिया था जो रायपुर के सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। इसके बाद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हेलमेट पर कोई चर्चा नहीं की गई। देश के हर बड़े शहर में हेलमेट अनिवार्य है तथा सुप्रीम कोर्ट का भी हर शहर में हेलमेट लगाने का आदेश है फिर भी हेलमेट अनिवार्य नहीं करना सुप्रीम कोर्ट का तथा केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी के आदेश का उल्लघंन है।

24 जुलाई को रायपुर के समाचार पत्र नवभारत में रायपुर शहर तथा ग्रामीण में 373 लोगों की मृत्यु के आंकड़े जारी किये है। कुल हादसे 1190 है तथा घायल 809 है तो पूरे प्रदेश में आकड़े और भयानक होगें। इसके बाद भी हेलमेट हाइवे में अनिवार्य नहीं हुआ तो मृत्यु के आकड़े लगातार बढ़ते जायेगें। नवभारत ने यह भी लिखा है कि हेलमेट के बिना मृत्यु के आंकड़ों को रोकना असंभव है। हमारी आपसे आग्रह है कि आप पूरे प्रदेश के मुखिया है और एक्सीडेंट के कारण अकाल मृत्यु से लोगों को बचाना आपका दायित्व भी है और कर्तव्य भी आप सड़क सुरक्षा समिति के उपर भी आदेश दे सकते है। इसलिए शीघ्र हाइवे में हेलमेट जारी करने का आदेश जारी करें ताकि लोगों को अकाल मृत्यु से बचाया जा सके आशा है कि आप हमारी फरियाद पर आवश्य कार्यवाही करगें।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26